देशबन्धु

वर्ष –9 । अंक–348 । सागर, बुधवार 5 फरवरी 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

अपराधियों का नामोनिशान मिटा दिया जाएगा : विधायक — पृष्ठ 2
▸ अपनों की लाशों पर होती सियासत की अघोर-साधना
▸ निम्न और मध्यम वर्ग को सिर्फ कर में छूट देना मांग को बढ़ाने के लिए पर्याप्त नहीं — पृष्ठ 4
▸ 8 पार्षदों ने किया बैठक का बहिष्कार, फर्जी मस्टररोल जारी कर राशि निकालने का आरोप — पृष्ठ 6
कलेक्टर ने आधी रात को किया मालथौन के विकास कार्यों का निरीक्षण — पृष्ठ 8

सुप्रीम कोर्ट ने अवैध अप्रवासियों को निर्वासित नहीं करने पर असम सरकार को लगाई फटकार

किसी को हमेशा के लिए हिरासत में नहीं रख सकते

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने विदेशी घोषित किए गए लोगों को निर्वासित नहीं करने पर असम सरकार को कड़ी फटकार लगाई। न्यायमूर्ति भुइयां ने पूछा, एक बार जब आप किसी व्यक्ति को विदेशी घोषित कर देते हैं, तो आपको अगला तार्किक कदम उठाना चाहिए। आप उन्हें हमेशा के लिए हिरासत में नहीं रख सकते। असम में कई विदेशी हिरासत केंद्र हैं। आपने कितनों को निर्वासित किया है। इसके बाद पीठ ने असम सरकार को अवैध अप्रवासियों को तुरंत निर्वासित करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार से पूछा कि क्या वह उन 63 विदेशी लोगों को निर्वासित करने के लिए किसी मुहूर्त (शुभ समय) का इंतजार कर रही है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने असम सरकार से राज्य में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को अपडेट करने की प्रक्रिया के दौरान विदेशी घोषित किए गए लोगों को निर्वासित करने को कहा।

न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि असम तथ्यों को दबा रहा है, जिस पर भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जवाब दिया कि उन्होंने सर्वोच्च प्राधिकारी से बात की है और कुछ कमियों के लिए माफी मांगी है। न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि हम आपको झूठी गवाही का नोटिस जारी करेंगे। आपको सफाई देनी होगी। हालांकि राज्य के वकील ने कहा कि छिपाने का कोई इरादा नहीं है। राज्य की इस प्रतिक्रिया को खारिज करते हुए कि उनके देशों में विदेशियों के पते ज्ञात नहीं थे, न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि आप उन्हें उनकी देश की राजधानी में निर्वासित कर दें। मान लीजिए कि वह व्यक्ति पाकिस्तान से है, तो आप पाकिस्तान की राजधानी को जानते हैं। उन्हें यह कहकर यहीं हिरासत में नहीं रखें कि उनका विदेशी पता ज्ञात नहीं हैद्ध पीठ ने कहा कि विदेशियों को तुरंत निर्वासित किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि आप उनकी नागरिकता की स्थिति जानते हैं। फिर आप उनका पता मिलने तक कैसे इंतज़ार कर सकते हैं। यह दूसरे देश को तय करना है कि उन्हें कहां जाना चाहिए। उन्होंने असम से यह भी पूछा कि उसने प्रक्रिया को पूरा करने में मदद मांगने के लिए विदेश मंत्रालय को एक प्रस्ताव क्यों नहीं सौंपा।

25 को होगी अगली सुनवाई

शीर्ष अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 फरवरी की तारीख मुकर्रर की है। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि हम असम को इस आदेश के अनुपालन की रिपोर्ट करते हुए एक उचित हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हैं। यदि राज्य सरकार को पता चलता है कि राष्ट्रीयता सत्यापन फॉर्म दो महीने पहले भेजे गए हैं, तो राज्य तुरंत विदेश मंत्रालय को एक याद दिलाने वाला पत्र जारी करेगा। जैसे ही विदेश मंत्रालय को ये पत्र प्राप्त होगा, मंत्रालय राष्ट्रीयता स्थिति सत्यापन के आधार पर प्रभावी कार्रवाई करेगा।

संसद में मोदी ने विपक्ष पर बोला हमला

खुलेआम शहरी नक्सलियों की भाषा बोल रहे कुछ लोग

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब दिया। मोदी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज कुछ लोग खुलेआम शहरी नक्सलियों की भाषा बोल रहे हैं, भारतीय राज्य को चुनौती दे रहे हैं और उसके खिलाफ लड़ाई का ऐलान कर रहे हैं।

यह भाषा बोलने वाले न तो संविधान को समझते हैं और न ही देश की एकता को। सात दशकों तक जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखा गया। यह न केवल संविधान के साथ, बल्कि इन क्षेत्रों के लोगों के साथ भी अन्याय था। हम संविधान की भावना से जीते हैं, और इसलिए हम मजबूत निर्णय लेते हैं। हमारा संविधान भेदभाव का अधिकार नहीं देता। जो लोग संविधान को अपनी जेब में रखकर जीते हैं, उन्हें नहीं पता कि आपने मुस्लिम महिलाओं को किस तरह की कठिनाइयों में रहने के लिए मजबूर किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व नेतृत्व की आलोचना करने के लिए टीओआई में छपे आर.के. लक्ष्मण के एक प्रसिद्ध कार्टून का उदाहरण दिया। इस कार्टून में 21वीं सदी की महत्वाकांक्षाओं को दर्शाने वाला एक हवाई जहाज लकड़ी की गाड़ी पर रखा दिखाया गया था, जिसे मजदूर धकेल रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस कार्टून का जिक्र करते हुए कहा कि यह दिखाता है कि पिछली सरकारें वास्तविकता से कितनी दूर थीं। एनडीए सांसदों ने इस पर हंसी और विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। प्रधानमंत्री के बयान पर कांग्रेस नेताओं ने मोदी पर इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने और वर्तमान चुनौतियों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। विपक्ष का कहना था कि सरकार को जनता के मौजूदा मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए न कि अतीत की बहस को फिर से छेड़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि साल 2014 से पहले बम धमाकों और गोलीबारी ने नागरिकों का जीना मुश्किल कर दिया था। हमने धीरे-धीरे उन प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण की दिशा में काम किया। 2013-14 में आयकर छूट की सीमा केवल दो लाख थी, लेकिन आज इसे बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया गया है, जिससे कर में राहत मिलेगी। हमने स्कूलों में 10,000 टिंकरिंग लैब स्थापित किए हैं और आज इन लैब के बच्चे अपने रोबोटिक्स नवाचारों से सभी को आश्चर्यचकित कर रहे हैं। इस बजट में छात्रों ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

मंत्रिपरिषद ने लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

शहरी क्षेत्रों में बनेंगे 10 लाख मकान

- कामकाजी महिलाओं, मजदूरों, दिव्यांगों और छात्रों को किराए पर दिए जाएंगे आवास
- ढाई लाख रुपए का अनुदान जारी रहेगा

भोपाल, देशबन्धु। प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में 5 साल में 10 लाख मकान बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस योजना के तहत किसी दूसरे गांव या शहर से काम करने आने वाले लोगों- कामकाजी महिलाओं, मजदूरों, निराश्रितों, दिव्यांगों और छात्रों को मकान किराए से भी दिए जाएंगे। निजी भूमि या बिल्डरों द्वारा बनाए गए आवास खरीदने पर हितग्राही को ढाई लाख रुपए का अनुदान भी सरकार जारी रखेगी।

बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने यह जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के बड़े नगरों को झुग्गी मुक्त करने और जरूरतमंदों को आवास उपलब्ध कराने के लिए यह एक बड़ा कदम है। श्री विजयवर्गीय ने बताया कि खुद की भूमि पर आवास निर्माण के लिए ढाई लाख रुपये का पूर्व से दिया जा रहा अनुदान जारी रखा जाएगा। इसके लिए बिल्डरों की एक श्रेणी बनाई जाएगी। जिसको रेरा से अनुमति होगी और कामकाज का अच्छा रिकार्ड होगा उन्हें ही यह कार्य सौंपा जाएगा।

श्री विजयवर्गीय ने बताया कि आवास योजना में हितग्राही परिवार में अब पति, पत्नी, अविवाहित बेटा-बेटियां शामिल होंगे। लेकिन 20 वर्ष में किसी भी आवासीय योजना में लाभ प्राप्त करने वाले अपात्र होंगे।

उन्होंने बताया कि इस योजना में सफाई कर्मी, पीएम स्वनिधि और पीएम विश्वकर्मा योजना के हितग्राही, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मलिन बस्ती के निवेश या विशेष समूह पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। हितग्राही 5 वर्ष तक आवास न तो बेच सकेंगे और न ही किसी अन्य को दे सकेंगे।

जापान यात्रा में उम्मीदों से बढ़कर मिली सफलताएँ : डॉ. यादव

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक निवेश के संदर्भ में जापान यात्रा में कई मायनों में उम्मीदों से बढ़कर सफलताएँ मिली हैं। जापान यात्रा के दौरान अनेक सेक्टर में निवेश के लिए उद्योगपतियों ने अपनी रुचि दिखाई है। ऑटोमोबाइल एवं उससे जुड़ी कंपनियों एवं विशेष रूप से कपास उत्पादन के क्षेत्र में निवेशक रेडीमेड गारमेंट को लेकर आगे आए हैं। रेडीमेड गारमेंट उद्योग क्षेत्र में जापान के सबसे अमीर उद्योगपति ने मध्यप्रदेश में निवेश पर रुचि दिखाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे पास विभिन्न सेक्टर में दोनों ही प्रकार के कुशल एवं अकुशल मानव संसाधन उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को कैबिनेट बैठक के पहले मंत्रि-परिषद के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय बजट की तारीफ करते हुए कहा कि इसमें निहित प्रावधानों का हमें अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। कई सेक्टर में हम इस पर काम भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

अपराधियों का नामोनिशान मिटा दिया जाएगा : विधायक

बीना, देशबन्धु। विधायक निर्मला सप्रे ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि अपराधी या तो अपराध करना बंद कर दें या फिर बीना छोड़ दें। बीते दिनों शहर में हुई आपराधिक घटना के बाद कानून व्यवस्था पर उठ रहे सवालों के जवाब में मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि बीना में अपराध और अपराधियों के लिये कोई जगह नहीं है। विधायक सप्रे ने बीती 3 फरवरी को महावीर चौक पर हुये हमले का जिक्र करते हुये बताया कि इस घटना में 5 निर्दोष लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुये सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 6 आरोपियों की पहचान की और 24 घंटे के भीतर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इन आरोपियों पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

विधायक ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपियों में आदिल खान, शाकिर खान, हिमांशु तिवारी, कनिष्क नामदेव, फिरोज खान और फैजान

खान शामिल हैं। बाकी आरोपियों की भी जल्द गिरफ्तारी की जायेगी। इसके अलावा बीना में सट्टा और अवैध शराब कारोबार के खिलाफ भी सख्त कदम उठाये जा रहे हैं, जिसके तहत सट्टा किंग दीपू यादव के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। विधायक ने बताया कि बीते 6 महीनों में पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कठोर कदम उठाये हैं जिनमें 104 अपराधियों को जेल भेजा गया। 92 फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। 450 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। 6 आदतन अपराधियों को जिला बदर किया गया। 6 कुख्यात अपराधियों को गुंडा सूची में जोड़ा गया। 550 पुराने आपराधिक मामलों का निपटारा किया गया। 2 बड़े आपराधिक गिरोह ध्वस्त किये गये।

अपराध मुक्त बीना का लिया संकल्प

विधायक सप्रे ने दोहराया कि बीना को अपराध मुक्त बनाना उनका संकल्प है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही जारी रहेगी और समाज में भय फैलाने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। प्रेस वार्ता में जिझौतिया समाज के अध्यक्ष डॉ. रामबाबू तिवारी ने विधायक के प्रयासों की सराहना की और कहा कि पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर सराहनीय कार्य किया है। ब्राह्मण समाज की ओर से भी विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने कहा कि भाजपा सरकार का संकल्प भयमुक्त और अपराध मुक्त समाज की स्थापना करना है और बीना में हुई त्वरित कार्यवाही इसका प्रमाण है। विधायक ने अंत में कहा कि अपराधियों को बीना में किसी भी कीमत पर रहने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने दो टूक कहा या तो अपराध छोड़ो या बीना छोड़ दो।

विधायक ट्रॉफी में 6 टीमों के बीच हुआ रोमांचक मुकाबला

बांदरी, देशबन्धु। विधायक ट्रॉफी कास्को बाल क्रिकेट टूर्नामेंट में क्षेत्र की 120 टीमों ने भाग लिया जिसमें से दूसरे राउन्ड में 60 टीम पहुंची। मंगलवार को दूसरे राउन्ड के चौथे दिन मैच में 6 टीमो ने भाग लिया। जिसमें पहला मैच आगासिंस और वीरसावरकर के बीच हुआ जिसमें आगासिंस जीती दूसरा मैच नाउढाना और विद्यासागर वार्ड में बीच हुआ जिसमें विद्यासागर वार्ड जीती तीसरा मुकाबला पहरगुआ और रजौआ के बीच हुआ जिसमें रजौआ जीती चौथा मुकाबला केबीडी और इमलिया के बीच हुआ जिसमें केबीडी जीती पांचवां मुकाबला बम्हौरी हुड्डा और बांदरी के बीच हुआ जिसमें बांदरी जीती वहीं आखिरी मैच राज रजौआ और हडली के बीच हुआ जिसमें हडली की जीत हुई। मैच में पार्षद सुरेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों के बीच टॉस उछालकर किया और उन्होंने कहा कि नगर परिषद के अंतर्गत इस तरह के खेल का आयोजन करना बहुत ही सराहनीय है। टूर्नामेंट प्रभारी अवधेश ठाकुर ने कहा कि टूर्नामेंट को लेकर सभी युवाओं में एक अलग से उत्साह देखने को मिला रहा है सभी खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रदर्शन कर रहे है। क्रिकेट ग्राउंड में उपस्थित सभी दर्शकों ने क्रिकेट का आनंद लिया बांदरी के आसपास के क्षेत्र से भी लोग क्रिकेट टूर्नामेंट देखने आ रहे हैं और टूर्नामेंट का उत्साह के साथ आनंद ले रहे हैं। आज मैदान में छह टीमें उतरेंगी। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित आमजन उपस्थित रहे।

25 फीट गहरे कुए में गिरी नीलगाय, मौत

सागर, देशबन्धु। दक्षिण वन मंडल क्षेत्र के पथरिया जाट गांव में एक नीलगाय की कुंए में गिरने से मौत हो गई। आसपास के लोगों ने कुंए में नीलगाय का शव देखा तो वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार पथरिया जाट के पास स्थित फायरिंग रेंज के पास बने कुआं में नीलगाय का शव पड़ा था। कुंऐ से दुर्गंध आने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और देखा तो उसमें नीलगाय का शव पड़ा था। सूचना पर दक्षिण वन मंडल की टीम मौके पर पहुंची। करीब एक दर्जन से अधिक वन अमले ने ग्रामीणों और ट्रैक्टर की मदद से रेस्क्यू कर कुंऐ से नीलगाय के शव को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि नीलगाय का शव करीब 3 दिन पुराना है। वह रात के समय कुंऐ में गिरी होगी। जिससे उसकी मौत हो गई। कुआं बगैर मुंडेर वाला था। जिस कारण भी घटना हो सकती है। कुंऐ की गहराई ज्यादा होने और शव फूल जाने के कारण रेस्क्यू में वन अमले को काफी मशक्कत करना पड़ी। जाल डालकर रस्सियों के सहारे करीब डेढ़ घंटे की मेहनत के बाद नीलगाय के शव को कुंऐ से बाहर निकाला जा सका। शव को वन डिपो ले जाया गया। जहां पोस्टमार्टम किया जायेगा।

पुंडरीक गोस्वामी का राजपूत परिवार ने किया स्वागत

सागर, देशबन्धु। कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निवास मातेश्वरी पर माध्व गौडेश्वर वैष्णवाचार्य पुंडरीक गोस्वामी का शुभ आगमन पर सुरखी विधानसभा क्षेत्र से आये श्रद्धालुओं ने राधा रानी और वृंदावन बिहारीलाल सरकार के जयकारे लगाकर महाराज का स्वागत किया। इस अवसर पर समस्त राजपूत परिवार ने महाराज की आरती उतार कर एवं पुष्प वर्षा करते हुये स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष

हीरा सिंह राजपूत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सविता सिंह राजपूत, मूरत सिंह राजपूत, अरविंद सिंह राजपूत, आकाश सिंह राजपूत के साथ समस्त राजपूत परिवार उपस्थित रहा। पुण्डरीक गोस्वामी जिन्हें श्री मन्माधव गौड़ेश्वर वैष्णव आचार्य भी कहा जाता है, एक परंपरागत वैष्णव परिवार से हैं। उनका जन्म 20 जुलाई 1988 को वृन्दावन उत्तर प्रदेश में हुआ। उनके पिता श्रीभूति कृष्ण गोस्वामी और माता सुकृति गोस्वामी थीं। उनकी पत्नी का नाम रेणुका पुण्डरीक गोस्वामी है। उनके दादाजी संत अतुल कृष्ण गोस्वामी, उनके गुरु भी थे। यह परिवार वैष्णव संत और वक्ता के रूप में प्रसिद्ध है, जिन्होंने वैदिक ज्ञान की गहराई को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुण्डरीक गोस्वामी गोपाल भट्ट गोस्वामी के परिवार से हैं, जो वृंदावन के प्रसिद्ध छह गोस्वामियों में से एक थे। उन्होंने 1542 में वृंदावन में राधा रमण मंदिर की स्थापना की थी। यह परिवार श्री गौड़ीय परंपरा के 38 वें आचार्य हैं। पुण्डरीक गोस्वामी ने मात्र सात वर्ष की आयु से ही भगवद्गीता पर प्रवचन देना प्रारंभ कर दिया था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा का विस्तृत विवरण उपलब्ध स्रोतों में नहीं मिला, परन्तु इतनी कम उम्र में गीता पर प्रवचन देने से स्पष्ट है कि उन्हें बचपन से ही वैदिक ज्ञान और धार्मिक शिक्षा का गहन अध्ययन करने का अवसर प्राप्त हुआ था। पुण्डरीक गोस्वामी गोपाल भट्ट गोस्वामी के वंशज हैं, जो वृंदावन के प्रसिद्ध छह गोस्वामियों में से एक थे और स्वयं श्री चैतन्य महाप्रभु से प्रेरित एवं दीक्षित थे। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि उन्हें अपने पारिवारिक पृष्ठभूमि से गौड़ीय वैष्णव सिद्धांतों और भक्ति के मार्ग की शिक्षा प्राप्त हुई होगी। पुण्डरीक गोस्वामी की कथायें अत्यंत प्रेरणादायक और मनमोहक होती हैं। उनकी कथाओं में भक्ति और आध्यात्मिकता का सुंदर समन्वय होता है। वे श्रीमद्भागवत, श्रीमद्भगवद्गीता, श्री चैतन्य चरितामृत और श्री रामकथा जैसे विभिन्न धार्मिक ग्रंथों की कथायें सुनाते हैं। गोस्वामी जी अपनी कथाओं के माध्यम से श्रोताओं को श्री कृष्ण के प्रति प्रेम और भक्ति का संदेश देते हैं। उनकी वाणी में एक अद्भुत आकर्षण होता है जो श्रोताओं के हृदय को छू लेता है। वे अपनी कथाओं में उपमाओं, दृष्टांतों और प्रसंगों का बखूबी प्रयोग करते हैं जिससे विषय को समझना आसान हो जाता है। उनकी कथायें सभी आयु वर्ग के लोगों के लिये उपयुक्त होती हैं। वे विशेष रूप से युवाओं को कृष्ण चेतना की ओर आकर्षित करने का प्रयास करते हैं। उनका मानना है कि आज के भौतिकतावादी युग में आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों का संचार करना बहुत आवश्यक है।

छात्राओं को प्रदाय किए सैनिटरी पैड्स, रोटरी क्लब का सेवाभावी कार्य निरंतर जारी

दमोह, देशबन्धु। रोटरी क्लब दमोह ग्रेटर ने अपने सेवाभावी कार्यों की श्रृंखला में शासकीय जेपीबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में छात्राओं को सैनिटरी पैड्स प्रदाय किये। रोटरी क्लब दमोह ग्रेटर के सदस्यों द्वारा उक्त विद्यालय में छात्रावास वार्डन प्रीति पांडे को सैनिटरी पैड्स सामग्री प्रदाय की गई है। इस अवसर पर रोटरी क्लब दमोह के अध्यक्ष राकेश अहिरवाल, पूर्व अध्यक्ष किशन लाल गुरु, क्लब कोऑर्डिनेटर संजय जैन अरिहंत, स्कूल प्राचार्य डीके मिश्रा, प्राचार्य शरद मिश्रा, एचएल अहिरवार, विपिन तिवारी, संजीव तिवारी, अनिता चौहान सहित अन्य स्कूल स्टाफ मौजूद थे। रोटरी क्लब दमोह के द्वारा दमोह जिले में शासकीय विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों के उज्वलत भविष्य के निर्माण हेतु सेवाभावी कार्य निरंतर इसी तरह जारी रहेंगे।

सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में हुआ विदाई समारोह का आयोजन

देवरीकलां, देशबन्धु। मंगलवार को सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन के रूप में याद किया जायेगा, जब विद्यालय ने अपने पहले बैच के कक्षा 12वीं के छात्रों को भावनात्मक और उल्लासपूर्ण विदाई दी। यह अवसर न केवल वरिष्ठ छात्रों के लिये बल्कि पूरे विद्यालय परिवार के लिये एक अविस्मरणीय क्षण था। समारोह की शुरुआत प्रार्थना और स्वागत भाषण से हुई, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने छात्रों को शुभकामनायें दीं। कक्षा 11 वीं के छात्रों ने अपने वरिष्ठों के लिये रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, गीत और हास्य नाटिका शामिल थी। इन प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत बना दिया और सभी को पुरानी यादों में ले गये। इस अवसर पर मिस्टर और मिस फेयरवेल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें सीनियर छात्रों ने अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का परिचय दिया। शिक्षकों ने भी अपने विचार साझा किये और छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने के लिये प्रेरणादायक संदेश दिये।

कक्षा 12 वीं के छात्रों ने मंच पर आकर अपने अनुभव साझा किये और विद्यालय को मिले मार्गदर्शन और स्नेह के लिए धन्यवाद दिया। समारोह का समापन समूह फोटो के साथ हुआ, जिसमें सभी ने मिलकर इस दिन को यादगार बनाया। यह विदाई समारोह केवल एक औपचारिकता नहीं थी, बल्कि यह भावनाओं, प्रेम और प्रेरणा का संगम था, जो सभी के दिलों में सदा के लिए बसा रहेगा।

नाबालिक को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

बीना, देशबन्धु। मुस्कान अभियान के तहत एसडीओपी बीना नितेश पटेल के नेतृत्व एवं थाना प्रभारी अनूप यादव के मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा की गई कार्यवाही में 1 जनवरी को फरियादी ने थाना आकर रिपोर्ट लेख कराई कि इसकी नाबालिग लडकी जिसकी उम्र 16 साल है दुकान जाने की कहकर गई थी जो वापिस नहीं आई जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है। जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्र. 02/25 धारा 137(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया, दौरान विवेचना के पुलिस द्वारा अपहृता की लगातार तलाश की गई जो मुखबिर की सूचना एवं साइबर सेल सागर की सहायता से अपहृता को 2 जनवरी को इंदौर से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया एवं अपहर्ता को बहला फुसलाकर भगा कर ले जाने वाले आरोपी वरुण खटीक पिता रामधुन खटीक उम्र 23 वर्ष निवासी शारदा नगर कालोनी बीना को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में निरी. अनूप यादव, शैलेन्द्र सिंह, लखन राज, कविता द्विवेदी, गौतम भट्ट, चायन देवलिया, गजेन्द्र, सौरभ रैकवार सायबर सेल सागर की भूमिका रही।

संजीवनी बाल आश्रम में बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित

सागर, देशबन्धु। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर संजीवनी बाल आश्रम में बच्चों को स्कूल बैग, पेंसिल बॉक्स, किताबें और अन्य शैक्षणिक सामग्री संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष समाजसेवी रिशांक तिवारी ने वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर रिशांक तिवारी ने कहा हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार मिले, यही हमारा संकल्प है। समाज के हर वर्ग के बच्चों तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाने के इस अभियान में आप सभी का सहयोग आवश्यक है। मिलकर हम एक सशक्त और शिक्षित समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से संकल्प फाउंडेशन ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया है।

मामी के साथ भांजे ने की धोखाधड़ी

सागर, देशबन्धु। नरयावली थाना क्षेत्र के ग्राम बरोदिया गुसाई में भांजे ने अपनी मामी के साथ धोखाधड़ी की है। भांजे ने बैंक खाते में अपना नंबर जोड़कर किसान सम्मान निधि की राशि निकाल ली। मामी बैंक पैसे निकालने के लिए पहुंची तो वारदात सामने आई। इसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार फरियादिया श्यामरानी पति भगवान सिंह लोधी 50 निवासी ग्राम बरोदिया गुसाई ने थाने में शिकायत की। बताया कि मेरे नाम से एक एकड़ जमीन है। जिसकी प्रत्येक चार-चार माह में किसान सम्मान निधि के 2000-2000 रुपये आते हैं। एक दिन मेरा भांजा दीपक लोधी बोला कि मैं तुम्हारा खाता फिनो पेमेंट बैंक में खोले देता हूं। उसी बैंक में तुम्हारी किस्तें आती रहेंगी। भांजे दीपक ने 27 जुलाई 2023 को मेरा खाता फिनो पेमेंट बैंक में खुलवा दिया। खाते में उसने अपना मोबाइल नंबर जोड़ लिया। उसी खाते में किसान सम्मान निधि के पैसे खाते थे। इसी दौरान भांजे दीपक ने अपने मोबाइल नंबर पर यूपीआई बना लिया और मेरी किसान सम्मान निधि की 5 किस्तों के पैसे कुल दस हजार रुपये निकाल लिये। जब मैं पैसे निकालने के लिये बैंक गई तो मुझे पता चला की खाते से फोन-पे के माध्यम से पैसा निकाल लिया गया है। भांजे दीपक ने धोखाधड़ी कर मेरे खाते से पैसे निकाल लिये हैं। मामला सामने आने पर फरियादी ने बेटी के साथ थाने पहुंचकर शिकायत की। नरयावली पुलिस ने भांजे दीपक लोधी के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

सरकारी योजना का काम कराने का झांसा देकर दुष्कर्म

सागर, देशबन्धु। मकरोनिया थाना क्षेत्र में सरकारी योजना का लाभ दिलाने का झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित महिला ने थाने पहुंचकर मामले में शिकायत की है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में रहने वाली 32 वर्षीय पीड़िता ने थाने में शिकायत की। शिकायत में बताया कि वर्ष 2024 में लाड़ली बहना योजना में कुछ संसोधन के लिये मे नगर पालिका मकरोनिया गई थी। जहां उसे अमित नाम का युवक मिला। काम कराने का बोलकर उसने मेरा मोबाइल नंबर ले लिया। काम होने तक कई बार दोनों में बातचीत होती रही। जिसके बाद वह राशन कार्ड के लिये 25 जुलाई 2024 को फिर मकरोनिया नगर पालिका गई, जहां उसे अमित मिला, वह बातचीत करने लगा। काम के दौरान ही आरोपी ने पीड़िता से चाय का बोला। महिला ने चाय पीने हां कहा तो वह चाय लेने के लिए चला गया। चाय लेकर आया और महिला को दी। चाय पीने के बाद महिला को चक्कर आने लगे। जिस पर आरोपी उसे बाइक पर बैठाकर घर छोड़ने का बोलकर साथ ले गया। इसी दौरान वह सिविल लाइन रोड पर स्थित एक होटल में महिला को लेकर पहुंचा। जहां कमरे में ले जाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया। इसी दौरान आरोपी ने पीड़िता का आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। घटनाक्रम के बाद आरोपी आये दिन पीड़िता को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मिलने बुलाता था। आरोपी की हरकतों से परेशान होकर पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत की। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अमित के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

फुटकर किराना दुकान का किया औचक निरीक्षण

दमोह, देशबन्धु। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने जबलपुर रोड ग्राम आम चौपड़ा स्थित एडीएच कैंटीन में निरीक्षण कार्यवाही करते हुये मसालों के नमूनें जांच हेतु लिये। कार्यवाही में दमोह शहर में जबलपुर रोड ग्राम आम चौपड़ा स्थित एडीएच कैंटीन का निरीक्षण करके सुस्वाद ब्रांड धनिया पाउडर एवं सौरभ ब्रांड लाल मिर्च पाउडर गाय भैंस के नमूनें जांच हेतु लिये गये। इन मसालों के नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर इस संबंध में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

राहतगढ़, देशबन्धु। मप्र जन अभियान परिषद द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भापेल सेक्टर क्र. 03 सिहोरा के द्वारा शास. उच्च. माध्य. विद्यालय भापेल में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं और अध्यापकों ने नशा मुक्ति की शपथ ली, कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य सुनील पवार के द्वारा नशा से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया और उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा। विकासखंड समन्वयक हरिराम अहिरवार, प्रतिभा समाज उत्थान एवं विकास शिक्षा प्रसार समिति से विकास दीक्षित के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत कराये जा रहे बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू डिग्री के बारे में विस्तार से बताया।

श्री प्रेम प्रसारिणी सनाढ्य सभा का अधिवेशन संपन्न, नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

सागर, देशबन्धु। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर श्री प्रेम प्रसारिणी सनाढ्य सभा का पाक्षिक अधिवेशन एवं पंचमी कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह आयोजन सभा भवन में उपसभापति पं. जुगल किशोर उपाध्याय के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता नवनिर्वाचित सभापति पं. राकेश कुमार दुबे सिदगुवां ने की। इस अवसर पर सभा के वरिष्ठ संरक्षक, पूर्व सभापति एवं आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. श्याम मनोहर सीरोठिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर सभा की स्थापना के 105 वें वर्ष में 9 पदाधिकारियों एवं 32 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

साथ ही महिला मंडल, युवा मंडल एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई। इस अवसर पर सभी नवगठित पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया। सभा के संरक्षकों, पूर्व सभापतियों, वरिष्ठ सभासदों एवं स्वजातीय बंधुओं ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर पं. रामेश्वर प्रसाद दीक्षित, पं. प्रेम नारायण रावत, पं. नरेन्द्र तिवारी, पं. इन्द्रजीत दुबे, पं. शिव दयाल बड़ोनिया, पं. केके तिवारी, पं. अरविंद चौबे, पं. बलराम शांडिल्य, पं. बलराम पाराशर, पं. परसोत्तम तिवारी, पं. बद्री प्रसाद भारद्वाज, पं. नरेंद्र कटारे, पं. हरीश कुमार दुबे सिदगुवां सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

सार समाचार

भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर छात्र नेता ने किया अनूठा प्रदर्शन

छतरपुर, देशबन्धु। महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय प्रबंधन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए छात्र नेता सत्येन्द्र शर्मा ने अनूठा प्रदर्शन किया है।

जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर विश्वविद्यालय की कुलपति तथा कुलसचिव को हटाने की मांग की है। सुबह करीब 12 बजे सत्येन्द्र शर्मा ने विश्वविद्यालय परिसर से कलेक्टर कार्यालय तक दंड भरते हुए प्रदर्शन किया और इसके बाद जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। सत्येन्द्र ने बताया कि इन दिनों विश्वविद्यालय में भारी अनियमितताएं और भ्रष्टाचार किया जा रहा है। सत्येन्द्र के मुताबिक हाल ही में संपन्न हुए विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है, जिसकी जानकारी छिपाई जा रही है। इसके अलावा परीक्षाओं और खेल गतिविधियों के नाम पर भी भ्रष्टाचार किया गया है। सत्येन्द्र का कहना है कि वह पूर्व में भी इसके विरुद्ध आवाज उठा चुके हैं लेकिन अभी तक जांच नहीं हुई है।

फिट इंडिया फिटनेस कार्यक्रम में बालिकाओं ने दिखाया दमखम

बक्सवाहा, देशबन्धु। नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान पर 15 से 29 वर्ष की बालिकाओं की खो-खो, 100 मीटर दौड़ और गोला फेंक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

खो-खो मैच में कन्या शाला बक्सवाहा की टीम को सीएम राइज विद्यालय की टीम ने हराया। गोला फेंक में भूमिका विश्वकर्मा ने 23 फीट गोला फेंककर प्रथम स्थान पाया। संध्या लोधी ने द्वितीय स्थान और आशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में संध्या लोधी प्रथम, बबीता भीलाला द्वितीय व चांदनी लोधी तृतीय आई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राघवेंद्र नापित प्रभारी प्राचार्य कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थे। अन्य अतिथियों में देवी सिंह राजपूत व्यायाम शिक्षक सीएम राइज विद्यालय, महेंद्र नापित, प्रेमलता अहिरवार, भारती चौरसिया, देवेंद्र शर्मा, देवेंद्र बिल्थरे, धर्मेंद्र गंधर्व व संगीत मिश्रा उपस्थित रहे। बताया गया है कि बुधवार को वीरांगना रानी अवंती बाई खेल परिसर में बालक वर्ग की रस्साकसी, 200 मीटर दौड़ और गोला फेक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

कृषि विज्ञान केन्द्र में उद्यानिकी कार्यशाला में 6 से

छतरपुर, देशबन्धु। उद्यानिकी विभाग द्वारा उद्यानिकी फसलों की आधुनिक तकनीकों पर कृषि विज्ञान केन्द्र नौगांव में 6 से 7 फरवरी तक दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषक संगोष्ठी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के एवं बाहर से उद्यानिकी वैज्ञानिकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहायक संचालक उद्यान जगदीश सिंह मुझाल्दा द्वारा बताया कि इसमें किसानों को उद्यानिकी खेती के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। किसानों को शेडनेट हाउस, पॉली हाउस, ड्रिप, मल्चिंग, संरक्षित खेती, मिनी स्प्रिंकलर, पोर्टेबल स्प्रिंकलर से उगाई जाने वाली फसलों के बारे में जानकारी दी जाएगी। खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित उत्पादों की मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग के संबंध में किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर की सड़क व नाली की मांग, दिया ज्ञापन

बकस्वाहा, देशबन्धु। मंगलवार को ग्राम पंचायत चाचीसेमरा के अंतर्गत ग्राम भुजपुरा के लोगों ने बुनियादी सुविधाएं दिलाने की मांग के लिए प्रदर्शन किया। ज्ञापन देकर चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्या का समाधान शीघ्र नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगे।

सभी ग्रामीण एक जुट होकर नारेबाजी करते हुए बकस्वाहा के जनपद कार्यालय पहुंचे, जहां जनपद पंचायत के सीईओ को ज्ञापन दिया गया। इस ज्ञापन में कहा गया है कि गांव में कई कई सालों पूर्व सीसी रोड का घटिया निर्माण कार्य कराया गया था, जिसके चलते सीसी रोड खराब हो गई है। रोड के दोनों ओर नाली निर्माण न होने से गंदा पानी घरों के सामने भरा है, जिससे गंदगी फैली रहती है। कई बार सीसी रोड सही कराने व नाली निर्माण की मांग की गई, लेकिनि जिम्मेदारों का कोई ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि अगर जल्द ही उनकी समस्या का निराकरण नहीं होता है तो पूरा गांव बकस्वाहा आकर जनपद के सामने धरने पर बैठेगा।

औपचारिकता में तब्दील हो गई जनसुनवाई, खानापूर्ति कर रहे अधिकारी

दूर-दराज से शिकायतें लेकर आने वालों की समस्याओं का समय पर नहीं हो रहा समाधान

छतरपुर, देशबन्धु। जिला मुख्यालय पर हर मंगलवार कों होने वाली जनसुनवाई मात्र औपचारिकता बनकर रह गई है। जनसुनवाई के दौरान अधिकारी बैठकर केवल समस्याओं को सुनने की खानापूर्ति भर करते हैं। ऐसे में आमजन अपनी समस्याओं को लेकर एक साहब के दफतर से दूसरे साहब के दफतर तक भटकते रहते हैं।

प्रदेश सरकार के आदेश से हर मंगलवार को जिला स्तर पर जनसुनवाई की जाती है। जबकि ब्लाक स्तर पर किसी भी अधिकारी को जनसुनवाई से कोई सरोकार नहीं है।

जिला मुख्यालय पर होने वाली जनसुनवाई में दूर-दूर से लोग अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर आते हैं। उन्हें समय से समाधान तो नहीं मिल पाता है, अलबत्ता अधिकारी आश्वासन देकर चलता जरुर कर देते हैं। लोगों को उम्मीद बनी रहती है कि शायद साहब की मेहरबानी हो जाए तो उनकी मुसीबत जरुर दूर हो जाएगी। मगर कम ही मामले ऐसे होते हैं जिनमें समस्या का समाधान मिल पाता है बाकी आवेदन तो केवल आंकड़ों में दर्ज होकर रद्दी की टोकरी में फैंक दिए जाते हैं।

बस्ती पर बुलडोजर कार्यवाही से राहत की मांग

छतरपुर शहर के बगौता गांव के शंकरगढ़, चमरुआ पुरवा में रहने वाले 250 परिवारों के सिर से छत छिनने का खतरा मंडरा रहा है। दरअसल जब से उन्हें पता चला है कि उनके मकान शासकीय भूमि पर बने हैं, जिन्हे कभी भी गिराया जा सकता है। तब से उनकी रातों की नींद व सुकून छिन गया है। इन परिवारों के लोगों ने जनसुनवाई में अपनी व्यथा सुनाई है। घनश्याम अहिरवार का कहना है यहां सभी परिवार पिछले 100 सालों से यहां रहकर खेती-किसानी से जीवन यापन कर रहे हैं। हाल ही में शासन ने इन परिवारों को कृषि भूमि से बेदखल कर दिया है अब उनके घर गिराने की तैयारी की जा रही है। सभी ने स्वामित्व योजना के तहत सर्वे कराके उन्हें मकानों का मालिकाना हक दिलाने की मांग की है। एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि कुछ लोगों की खेती की जमीन यूनिवर्सिटी को दी गई है, जिसकी जांच पटवारी से करके उचित कार्यवाही की जाएगी।

किसान सम्मान निधि में नाम जोड़ने मांगे 5 हजार

बिजावर तहसील के जसगुवा टपरियन गांव के किसान कैलाश सिंह राजपूत ने जनसुनवाई में कलेक्टर को जो आवेदन दिया है उसमें कहा है कि किसान सम्मान निधि में नाम जोड़ने के लिए पटवारी कौशलेश प्रजापति उससे 5 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। गरीबी के कारण वह रिश्वत नहीं दे पा रहा है, जिससे उसका नाम किसान सम्मान निधि की सूची में नहीं जोड़ा गया है। उसका कहना है उसके पिता भूपत सिंह राजपूत को किसान सम्मान निधि मिलती थी। 5 दिसंबर 2020 को उनकी मृत्यु के बाद किसान सम्मान निधि मिलना बंद हो गई थी। कैलाश ने बताया वह पिछले तीन साल से पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र लेकर तहसील और एसडीएम कार्यालय के चक्कर काट रहा है, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई है। एडीएम मिलिंद नागदेवे ने मामले की जांच कराके उसे कार्रवाई का आश्वासन देकर लौटा दिया है। वहीं बिजावर विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि वे हरसंभव किसान की मदद करेंगे।

तार फेंसिंग उखाड़कर जमीन पर कब्जा की कोशिश

बिजावर तहसील के पनागर गांव के छोटू अहिवार ने जनसुनवाई में आवेदन देकर बताया कि 40 वर्ष पहले बंटवारे में मिली उसकी जमीन पर जो तार फेंसिंग थी उसे अरविंद चौरसिया ने क्षतिग्रस्त करके जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की है। साथ ही विवादित भूमि पर अवैध रूप से बैंक का लोन भी ले लिया है। उसका कहना है यह जमीन उनके परिवार को लगभग थी। तब से उनका परिवार इस जमीन पर खेती करता आ रहा है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने एसडीएम को इस मामले की गंभीरता से जांच करने के निर्देश दिए हैं।

जनसुनवाई में 109 लोगों की समस्याओं को सुना गया

छतरपुर, देशबन्धु। *अपर कलेक्टर मिलिंद नागदेवे की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई हुई। जिसमें डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी, एसडीएम अखिल राठौर एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे और व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार भी जुड़े रहे।*

जनसुनवाई में प्राप्त 109 शिकायती आवेदनों का परीक्षण करके एडीएम ने संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। बताया गया है कि जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए।

नवोदय में 9-11वीं की प्रवेश परीक्षा 8 को

छतरपुर, देशबन्धु। जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9वीं और 11वीं में प्रवेश के लिए पार्श्व परीक्षा एलईएसटी का आयोजन 8 फरवरी को प्रात: 11 बजे से नवोदय विद्यालय में किया गया है। इस परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस परीक्षा में छतरपुर जिले के कुल 574 परीक्षार्थी भाग लेंगे।

किसान की जमीन पर दबंग ने किया कब्जा, मारपीट के आरोप

छतरपुर, देशबन्धु। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम गठेवरा निवासी वृद्ध किसान ने गांव के दबंग व्यक्ति द्वारा उसकी जमीन पर जबरन कब्जा करने और मारपीट के आरोप लगाकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन दिया है। गठेवरा निवासी वृद्ध पल्टुआ अहिवार ने बताया गांव के दबंग विक्रम सिंह तनय सुमरत सिंह और उसके भाई बब्ली बुंदेला ने उसके स्वामित्व की बेशकीमती भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया है। पल्टुआ के मुताबिक विक्रम सिंह गांव का पूर्व सरपंच है और राजनैतिक पहचान होने का फायदा उठाकर उसने कई ग्रामीणों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। पल्टुआ का आरोप है कि विक्रम सिंह ने करीब एक माह पहले जमीन की रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाने के लिए उसके घर में घुसकर मारपीट भी की थी। गांव में आरोपी द्वारा पल्टुआ तथा उसके परिवार को लगातार धमकियां दी जा रही रही हैं। एसपी ऑफिस में आवेदन देकर पल्टुआ ने एक बार फिर जमीन को कब्जा मुक्त कराने तथा विक्रम सिंह पर सख्त कार्रवाई कराए जाने की मांग की है।

जिला अस्पताल में की गई महिलाओं की नि:शुल्क जांच

छतरपुर, देशबन्धु। जिला अस्पताल में की गई महिलाओं की नि:शुल्क एफएनएसी जांच की गई। जिसमें महिलाओं में कैंसर का पता लगाकर समय से जांचें व इलाज कराने की सलाह दी गई।

सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता ने बताया जिला अस्पताल छतरपुर प्रदेश का पहला जिला अस्पताल है, जहां एफएनएसी जैसी मंहगी एवं विशेष जांचे सटीनली नि:शुल्क की जा रही हैं। ऐसे में महिलाओं के लिए यह जांच वरदान साबित हो रही। इस जांच से समय रहते कैंसर जैसी घातक बीमारियों का पता चलता है। ताकि रोगी का त्वरित रूप उपचार हो सके। एफ.एन.ए.सी. एक महत्वपूर्ण जांच प्रक्रिया है जिसका उपयोग शरीर में गाठों की जांच के लिए किया जाता है जो कैंसर जैसी घातक बीमारियों का पता लगाने में मदद करती है।

46 वर्षीय चौबे कालोनी निवासी महिला जिनको अपने बाएं ब्रेस्ट में 15-20 दिनों से गठान महसूस हो रही थी, उनके पति का जिला चिकित्सालय छतरपुर में डायलिसिस चल रहा है और उनके सिवा उनके पति की देखभाल करने वाला दूसरा कोई परिवार का सदस्य साथ में था, जिस वजह से बाहर जांच जा पाना उनके लिये संभव नहीं था। चिकित्सालय के सेन्ट्रल पैथोलॉजी में लैब प्रभारी डॉ. श्वेता गर्ग के द्वारा ब्रेस्ट गठान की एफएनएसी जांच की गई, जिससे ब्रेस्ट कैंसर का शुरूआती स्टेज में पता चला और वह अपना इलाज लेने के लिये समय पर कैंसर अस्पताल चली गई।

दूसरा प्रकरण 53 वर्षीय सौरा रोड निवासी महिला का है, जिनके बाएं ब्रेस्ट में गठान थी, संकोचवस घर में किसी को इस संबंध में नहीं बताया, जिला अस्पताल में एफ.एन.ए.सी. की जांच की गई, उसके बाद मरीज के परिजनों को महिला के ब्रेस्ट कैंसर होने का पता चला और उनको कैंसर अस्पताल जाने की सलाह दी गई। तीसरा प्रकरण 40 वर्षीय छतरपुर निवासी महिला का जो अपना घर चलाने के लिए बस स्टैण्ड के पास छोटी सी दुकान लगाती है, उनके बाएं ब्रेस्ट में गठान थी और महंगी जांच करवाना उनके लिए संभव नहीं था, ऐसे में जिला चिकित्सालय में नि:शुल्क जांच होने से ब्रेस्ट कैंसर का पता चल सका।

इसी प्रकार नौगांव निवासी 14 वर्षीय युवती को दाएं ब्रेस्ट में गठान थी और बीमारी का पता नहीं चल रहा था ऐसे में जब वह जिला चिकित्सालय पैथोलॉजिस्ट द्वारा एफ.एन. ए.सी. की जांच होने से फाइब्रोऐडिनोमा का पता चल सका एवं समय पर उपचार प्राप्त हो सका। इसके अलावा छतरपुर निवासी 75 वर्षीय महिला के दाएं ब्रेस्ट में गठान थी और एफ.एन.ए.सी. जांच होने से प्रथम स्टेज पर ब्रेस्ट कैंसर का पता चल सका। ताकि समय रहते ज्यादा प्रभावी उपचार संभव हो सके।

माँ सरस्वती का पूजन करके किया पाटी पूजन



गौरिहार, देशबन्धु। जनपद पंचायत मुख्यालय सहित अंचल के ग्रामों की शैक्षणिक संस्थानों में बसंत पंचमी के मौके पर मां सरस्वती की पूजा करके बच्चों का पाटी पूजन व जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर नगर सहित ग्राम सचहरी, बरहा, खड्डी, कितपुरा, गहबरा, ठकुर्रा, चितहरी, मवईघाट और हनूखेड़ा सहित क्षेत्र के अन्य ग्रामों में संचालित स्कूलों में मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। इसी क्रम में एक निजी स्कूल में पं सियाराम प्यासी ने वैदिक रीति रिवाज से विधिवत मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ विद्यारम्भ संस्कार एवं पाटी पूजन कराई गई। बच्चों द्वारा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर पत्रकार प्रमोद अवस्थी, बेटूराम साहू, धर्मेन्द्र पटेल, राकेश शुक्ला, धर्मेन्द्र राय, संतोष पटेल, शिक्षक प्रियांशु श्रीवास्तव, चंदन यादव, गया पाल, पुष्पेंद्र साहू, अर्चना सिंह, प्रगति दांगी, मंजू तिवारी, आकांक्षा सिंह, अंशिका मिश्रा, पूनम मिश्रा और अर्जुन सिंह सहित बडी संख्या में बच्चे मौजूद थे।

अपार आईडी के लिए शिक्षक परेशान, वरिष्ठ कार्यालय बढ़ा रहे दबाव

छतरपुर, देशबन्धु। इन दिनों जिले में अपार आईडी बनवाने के लिए शिक्षकों पर लगातार दबाव डाला जा रहा है। अपार आईडी वैसे तो भारत सरकार की बेहतर योजना है लेकिन दस्तावेजों में गड़बड़ी की वजह से बच्चों के अपार आईडी बनाने में खासी परेशानियां आ रही है। उधर अपार आईडी बनाने का प्रतिशत कम होने की वजह से शिक्षकों को दबाव झेलना पड़ रहा है।

वरिष्ठ कार्यालय हर हाल में 60 फीसदी कार्य पूर्ण करने के निर्देश जारी कर रहे हैं। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफॉरमेशन फॉर एजुकेशन यानी यू डाइस में छात्र का संपूर्ण डाटा तैयार किया गया है। छात्र की समग्र आईडी, आधार कार्ड, परमानेंट एजुकेशन नंबर के साथ सब कुछ सही होने पर उसे अपार आईडी जारी की जा रही है। यू डाइस में समस्त जानकारियां भरने के बाद ही अपार आईडी बनती है।

अपार आईडी बनाने के पीछे सरकार की मंशा है कि सभी दस्तावेज एक जैसे हो जाए, किसी भी दस्तावेज में कोई त्रुटि न हो लेकिन पहले से ही दस्तावेजों में त्रुटि होने के कारण अपार आईडी टेढ़ी खीर होती जा रही है। अपार आईडी बनाए जाने में सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज आधार कार्ड है। यदि छात्र की जन्मतिथि या उसका नाम आधार कार्ड में सही नहीं है तो उसकी अपार आईडी नहीं बन पा रही। ऐसी स्थिति में अभिभावकों का दायित्व है कि वह अपने बच्चों के दस्तावेज दुरुस्त कराकर दस्तावेज शिक्षकों को सौंप दे जिससे अपार आईडी का कार्य आगे बढ़ाया जा सके, मगर आधार कार्ड ने अभिभावकों की नींद हराम कर दी है।

आधार कार्ड सुधरवाने के पर्याप्त केंद्र ना होने से लोग इसके लिए भटक रहे हैं। परिणामस्वरूप अपार आईडी का काम बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और इसका खामियाजा शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है। पूर्व में ऐसी सूचनाएं मिल रही थी की अपार आईडी को अभिभावकों की सहमति के साथ बनाना है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। अधिकारियों के दबाव के आगे अभिभावकों की सहमति काफी पीछे छूट गई है।

इनका कहना है

भारत सरकार के निर्देशानुसार अपार आईडी बनवाई जा रही है। यह आईडी बनवाना अनिवार्य है और प्रदेश के अन्य जिलों में लगभग 70 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। चूंकि छतरपुर जिले में यह कार्य अभी 40 फीसदी ही हुआ है जिस कारण से शिक्षण संस्थाओं और शिक्षकों को जल्दी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

आर.पी. प्रजापति
डीईओ, छतरपुर

नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, मायके पक्ष ने लगाया जहर देने का आरोप

छतरपुर, देशबन्धु। डेढ़ महीने पहले जिसकी शादी हुई उस नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसे पेट में तेज दर्द और चक्कर की शिकायत होने पर उसे तुरंत हरपालपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, वहां डॉक्टर न मिलने पर उसे नौगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। मायके पक्ष के लोगों ने मृतका के पति पर उसे जहर देकर मारने का अरोप लगाकर जांच व न्याय की मांग की है।

जानकारी के अनुसार हरपालपुर निवासी 28 वर्षीय प्रभा कोरी की शादी डेढ़ महीने पहले 10 दिसंबर को सुनील कोरी के साथ हुई थी। प्रभा के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर उसे जहर देने का आरोप लगाया। घटना के बाद प्रभा के भाई नंद किशोर और बहन दीपका ने जिला अस्पताल में पति सुनील को चप्पलों से पीटा।

अस्पताल स्टाफ और परिजनों ने बीच बचाव किया और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को किसी तरह से नियंत्रित किया। इधर प्रभा के पति सुनील का कहना है कि उनके बीच कोई समस्या नहीं थी, वे खुशी-खुशी रह रहे थे। वहीं, मृतका के भाई नंद किशोर का आरोप है कि प्रभा रात तक उनसे बात कर रही थी और स्वस्थ थी। बहरहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कुलगुरु ने वाणिज्य विभाग का निरीक्षण कर ली शिक्षा तकनीक व शोध की जानकारी

छतरपुर, देशबन्धु। *महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड यूनिवर्सिटी की कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी ने मंगलवार को वाणिज्य विभाग का निरीक्षण करके विभाग की अध्ययन-अध्यापन, शिक्षा, शैक्षणिक तकनीक और शोध कार्य की जानकारी ली।*

कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी ने विभाग के सभी सदस्यों से रुबरु चर्चा करके विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव उपाय करने के निर्देश दिए। कुलगुरु ने छात्र-छात्राओं को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक ज्ञान देने पर जोर दिया। साथ ही शिक्षकों से आव्हान किया कि वे कक्षा में अपने पढ़ाने के ढंग को और भी रोचक और बोधगम्य बनाएं, जिससे बच्चे की पढ़ाई में रुची बने और वे नियमित पढ़ाने आएं। कुलगुरु ने वाणिज्य विभाग की सभी कक्षाओं, एमबीए होटल मैनेजमेंट की नई लैब, स्टॉफ रूम, गेस्ट फैकल्टी रूम, छात्रा कक्ष का निरीक्षण किया। साथ ही दो नए कंप्यूटर खरीदने की अनुमति दी। इस दौरान विभागाध्यक्ष डॉ प्रभा अग्रवाल, डा बीके अग्रवाल, डीसीडीसी डॉ ओपी अरजरिया, डॉ सुमति प्रकाश जैन, डॉ अशोक निगम, डॉ नीतेश मिश्रा सहित सभी अतिथि विद्वान और विशेषज्ञ उपस्थित थे।

कुलगुरु को दी पूरी जानकारी

विभागाध्यक्ष डॉ प्रभा अग्रवाल ने बताया कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी वाणिज्य विभाग में संचालित वाणिज्य, प्रबंध, एमबीए, बीबीए, पर्यटन, कंप्यूटर, उद्यमिता, टेली एंड अकाउंटिंग व सेल्समैनशिप विषयों का अध्ययन अध्यायपन कराने वाले प्राध्यापकों, अतिथि विद्वानों व विषय विशेषज्ञों से चर्चा की। उनके कोर्स, शिक्षण तकनीक, प्रायोगिक कार्य, विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। सभी शिक्षकों ने उन्हें अपने द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उल्लेखनीय है वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग में लगभग 1600 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। खास बात ये है कि कई पूर्व विद्यार्थी आज भी अपने कैरियर और अन्य कारणों से आज भी विभाग के संपर्क में हैं।

सागर, बुधवार 5 फरवरी 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

राहुल गांधी का ऐतिहासिक भाषण

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार 3 फरवरी को सदन में एक ऐतिहासिक भाषण दिया, जिसमें आधुनिक विश्व में भारत को आगे ले जाने का पूरा खाका उन्होंने खींच दिया। लगभग पौन घंटे के भाषण में राहुल गांधी ने एक साथ कई पहलुओं को छुआ। विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने की आवश्यकता, चीनी वस्तुओं पर निर्भरता कम करना, इलेक्ट्रिक मोटर, बैटरी, ऑप्टिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी भविष्य की तकनीकों को अपनाना, मेक इन इंडिया कार्यक्रम की कमियों को दूर करना और इसके साथ लोकतंत्र और संविधान को मजबूत करने के उपाय, सब कुछ राहुल गांधी के भाषण में समाहित था।

संसद के पिछले कई सत्रों में राहुल गांधी को आक्रामकता के साथ भाषण देते देखा गया है, खास कर नेता प्रतिपक्ष बनने या उससे पहले पिछली सरकार में जब उनकी संसद सदस्यता फिर से बहाल हुई थी, तब अडानी, हिंदुत्व, संविधान और लोकतंत्र पर हो रहे हमले, जातिगत जनगणना ऐसे कई मुद्दों पर राहुल गांधी तीखे तेवर के साथ भाषण देते थे। उनके भाषण अक्सर हिंदी में होते थे, जिसमें सत्तापक्ष काफी टोका-टाकी और व्यवधान डालने की कोशिश करता था। लेकिन इस बजट सत्र में राहुल गांधी का एकदम अलग अंदाज नजर आया। उन्होंने न अपनी आवाज ऊंची की, न वे कहीं विचलित होते हुए दिखे। राहुल गांधी ने भाषण की शुरुआत में ही अपना चुटीला अंदाज भी दिखाया, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने जब उनका नाम लिया, लेकिन कैमरे में नेता प्रतिपक्ष नजर नहीं आए, तो उन्होंने थोड़ा रुककर इंतजार किया कि कैमरा उनकी तरफ घूमे और जब कैमरा उनकी तरफ आया तो उन्होंने ओम बिड़ला और कैमरा को मुस्कुराते हुए डबल थैंक्यू कहा, इस तरह राहुल गांधी ने दिखा दिया कि अब उन्हें उपेक्षित करने की मोदी सरकार की कोशिश कामयाब नहीं होगी। अपने पूरे संबोधन में राहुल गांधी ने अपनी बात कहने के लिए एक स्पष्ट रणनीति, एक सधी हुई भाषा-शैली और एक परिपक्व सोच का परिचय दिया।

सरकार पर हमला या हल्ला बोलने की जगह इस बार उन्होंने सरकार की कमियां दिखाईं, और उन्हें दूर करने ठोस व रचनात्मक सुझाव भी दे दिए। नेता प्रतिपक्ष ने डेटा, उत्पादन और एआई समेत कई मुद्दों पर केंद्र सरकार से कहा कि आपको डेटा पर काम करना चाहिए। हमारे पास प्रोडक्शन (उत्पादन) और कंजप्शन (खपत) तक किसी का भी डेटा नहीं है। अगर हमारे पास डेटा होता तो हमारे विदेश मंत्री को प्रधानमंत्री के निमंत्रण के लिए तीन बार अमेरिका नहीं जाना पड़ता। उनके इस बयान पर संसदीय कार्यमंत्री ने फौरन ऐतराज जताया, विदेश मंत्री एस जयशंकर भी इस बात के लिए राहुल गांधी की निंदा कर रहे हैं। हालांकि राहुल गांधी से पहले निमंत्रण का मुद्दा सुब्रमण्यम स्वामी उठाते रहे हैं, लेकिन भाजपा ने उन्हें कभी कुछ नहीं कहा। जहां तक राहुल गांधी के बयान का सवाल है, तो यह उन्होंने इस संदर्भ में कहा कि अगर आज भारत तकनीकी तौर पर चीन जितना सक्षम होता तो अमेरिका के आगे कमजोर महसूस नहीं करना पड़ता। और आज की यह कड़वी हकीकत भी है, जिससे केंद्र सरकार मुंह चुरा रही है। यह तथ्य है कि डोनाल्ड ट्रंप ने शी जिनपिंग को खुद फोन कर न्यौता दिया था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी को नहीं बुलाया था। और जब श्री मोदी ने अपने दोस्त ट्रंप को बधाई दी और आपसी सहयोग की बात की, उसके बाद ट्रंप ने मंगलवार को अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों की पहली खेप सैन्य विमान में बिठाकर रवाना कर दी। यहां सीधे-सीधे भारत को अपमानित किया गया, लेकिन सरकार इस पर कुछ नहीं कह रही।

बहरहाल, अपने संबोधन में राहुल गांधी ने देश में हुई अहम क्रांतियों का उल्लेख करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की अपने पिता द्वारा शुरू की जा रही कंप्यूटर क्रांति का विरोध किए जाने का जिक्र भी किया, लेकिन साथ ही यह कहना नहीं भूले कि वह वाजपेयी का बेहद सम्मान करते हैं। यानी राहुल गांधी कहीं से भी सरकार से तकरार करने की मुद्रा में नहीं दिखे। जैसे महाराष्ट्र के नतीजों का जिक्र करते हुए जब उन्होंने चुनाव आयोग पर सवाल उठाए तो कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच 70 लाख नए वोटर जोड़े गए। महाराष्ट्र में जितने पांच साल में जुड़े, उससे ज्यादा आखिरी पांच महीने में जोड़े गए। शिर्डी की एक बिल्डिंग में सात हजार नए वोटर जुड़े। उन्होंने कहा कि मैं कोई आरोप नहीं लगा रहा हूं, सिर्फ ये कह रहा हूं कि कुछ ना कुछ दिक्कत है। इसके अलावा उन्होंने चुनाव आयुक्त के चयन की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए।

राहुल गांधी ने बेरोजगारी का मुद्दा भी उठाया और यह भी माना कि यूपीए सरकार में भी पर्याप्त काम नहीं हुआ था। यानी नेता प्रतिपक्ष ने केवल एनडीए की गलतियां नहीं गिनाईं अपने दोष भी माने। कुल मिलाकर राहुल गांधी एक दूरदृष्टा के तौर पर सामने आए, जिन्हें देश के बुनियादी मुद्दों की समझ है और समस्याओं के समाधान भी उनके पास हैं।

राहुल गांधी के इस शानदार भाषण के बाद उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री मोदी भी इसी तरह का उच्च स्तरीय जवाब देंगे, लेकिन उनके भाषण ने फिर निराश किया, क्योंकि वे पूरे वक्त कांग्रेस और गांधी परिवार की आलोचना या अपनी वाहवाही में लगे रहे। राहुल गांधी के पिछले दिनों दिए गए भाषणों और बयानों पर ही प्रधानमंत्री जवाब देते रहे। फिर चाहे वह इंडियन स्टेट से लड़ाई की बात हो, राष्ट्रपति के भाषण को बोरिंग कहने वाली टिप्पणी हो या बजट पर राहुल गांधी की बैंडेड वाली प्रतिक्रिया हो। नरेन्द्र मोदी उसी में उलझे रहे। अपने भाषण में श्री मोदी ने गांधी परिवार पर भी निम्न स्तरीय हमला किया। उन्होंने कहा कि आज किसी एस टी परिवार के तीन सदस्य संसद में नहीं हैं, इस तरह प्रधानमंत्री ने गांधी परिवार से तीन सांसदों के होने पर भी निशाना साधा, जबकि इन तीन में से दो, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को तो सीधे जनता ने निर्वाचित किया है और सोनिया गांधी राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुई हैं। लेकिन श्री मोदी पर गांधी परिवार का खौफ इतना है कि वो अब जनता के फैसलों पर भी सवाल उठा रहे हैं। हालांकि उनसे उम्मीद इस बात की है कि वे विपक्ष द्वारा जनता के लिए उठाए गए सवालों पर जवाब दें।

अपनों की लाशों पर होती सियासत की अघोर-साधना

भारत ने अपनों की लाशों पर बैठकर अघोर-साधना सीख ली है। जिस सियासत को भारत की करूणा और संवेदना के परम्परागत मूल्यों को आगे बढ़ाना था, उसने सभी को विकास के रास्तों की बजाये सूने श्मशानों की ओर मोड़ दिया है जहां हमारे मूल्यों की लाशें जल रही हैं। सत्ता मज़े से इन चिताओं की आग तापती है और उनके ठंडे होने पर उसकी राख शरीर पर मलकर संन्यासी का रूप धारण कर सम्मान बटोर रही है। देश में चल रही यह अघोर-साधना कुछ दलों को तो तात्कालिक लाभ पहुंचा सकती है पर यकीन मानिये, यह एक दिन पूरे देश को श्मशान में बदलकर रख देगी जिसमें सतत चिताएं जलेंगी और उनमें अघोरियों का राज होगा।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुम्भ में 29 व 30 जनवरी की दर्मियानी रात को हुई भगदड़ में लोगों के कुचले जाने के बाद जो कुछ हो रहा है, उसे देखकर तो कम से कम यही कहा जा सकता है। बेशक, भारत हादसों का देश है जहां प्रकृतिजन्य हों या मानव जनित, नाना प्रकार की दुर्घटनाएं होती रहती हैं। देशवासियों के जेहन में अनेक ऐसे हादसे हैं जिनमें न जाने कितने लोगों ने जानें गंवाईं या घायल हुए हैं; और यह कोई आज की बात नहीं है, लेकिन ऐसे किसी भी हादसे पर यह देश न तो मुस्कुराता था, न हंसता था, न अट्टहास करता था। नयी बात यह है कि भारतीय समाज की संवेदना का तत्व भाप बनकर उड़ गया है। अब उसे किसी भी दुर्घटना पर गम नहीं होता। पुलों के गिरने से लोग मरें चाहें बाढ़ में बह जायें, एक के बाद एक ट्रेनें पलटती जायें या भीड़ में लोग दब जायें, कोरोना में जनता मारी जाये या नावें डूब जायें- अब वह न संवेदना प्रकट करता है और न ही उसकी करूणा जागती है- वह उसमें धर्म, जाति, सम्प्रदाय और राजनीति का एंगल ढूंढ़ता है। किसी भी दुखद घटना पर पहले भारत बिलखता था, पर अब बड़ी से बड़ी त्रासदी को वह टॉनिक की तरह पीता है और ताकत बटोरता है। बस, यही नया भारत है! यही उसकी अघोर साधना है जिसमें वह राजनीति के पंच-मकार का सेवन कर रहा है। छल-प्रपंच वाली सियासत का मल-मूत्र हो या जनता का मांस, सत्ता की मदिरा हो या फिर अपवित्र सियासी गठबन्धनों से मिलने वाला मैथुन सा सुख- उसके लिये अब कुछ भी वर्जित नहीं रहा।

वर्तमान राजनीति का सबसे दुखद पहलू यह है कि देश को यत्नपूर्वक करूणा और संवेदना की उस उदात्त परम्परा से अलग किया जा रहा है जिसके कारण भारत का दुनिया भर में मान है। यह सम्मान ढाई हजार साल पहले गौतम बुद्ध और महावीर ने देश के लिये आविष्कृत किया था। जब उसे भारत भूलता जा रहा था तो महात्मा गांधी एक रिमाइंडर की तरह आये जिन्होंने इसी रास्ते पर चलते हुए दुरूह किस्म की स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी। एक तरफ आजादी का संघर्ष चलता रहा तो दूसरी ओर संवेदना और उससे ऊपजे समानता, बन्धुत्व, धर्मनिरपेक्षता सदृश्य मूल्यों को भी भारत ने संजोये रखा था। आजादी के बाद हमारे राष्ट्र निर्माताओं ने जिन मूल्यों पर देश के नवनिर्माण का ब्लू प्रिंट तैयार किया उनमें सत्य व अहिंसा के साथ स्वतंत्रता, समानता, बन्धुत्व, धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद जैसे तत्व प्रमुख थे जो अंततः संवेदना-करूणा पर ही आधारित होते हैं।

डॉ. दीपक पाचपोर

यह दरअसल एक पूरा पैकेज है जो लोकतंत्र कहलाता है। इन मूल्यों का संरक्षण एक जनतांत्रिक प्रणाली में ही सम्भव है। इसलिये पिछले करीब आठ दशकों में कई सरकारें आयीं परन्तु किसी ने इन तत्वों के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश नहीं की थी। कोई भी सत्ता न निर्मम हुई और न ही उसने अपनी प्रजा को हिंसक या नफरती बनने के लिये उकसाया या उसका मार्गदर्शन किया।

यह दरअसल एक पूरा पैकेज है जो लोकतंत्र कहलाता है। इन मूल्यों का संरक्षण एक जनतांत्रिक प्रणाली में ही सम्भव है। इसलिये पिछले करीब आठ दशकों में कई सरकारें आयीं परन्तु किसी ने इन तत्वों के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश नहीं की थी। कोई भी सत्ता न निर्मम हुई और न ही उसने अपनी प्रजा को हिंसक या नफरती बनने के लिये उकसाया या उसका मार्गदर्शन किया। इसी मार्ग पर चलकर भारत ने जो प्रगति की उससे साबित हुआ कि ये मूल्य भौतिक जीवन को भी बेहतर बनाने में मददगार हैं। इसके पीछे एक और बड़ा कारण यह भी है कि हमारे राजनीतिक पुरखे देश को आधुनिक बनाना चाहते थे और आधुनिकता की सबसे बड़ी पहचान संवेदनशीलता है। औद्योगिक क्रांति के साथ प्रारम्भ नवयुग के दौरान हुए अनेक दार्शनिकों, विचारकों एवं सुधारवादी नेताओं ने समाज और व्यवस्था को मानवीय चेहरा पहनाने के जो उपक्रम किये, वही देश में संवेदना की विस्तार यात्रा है और निरंतरता भी। मानवीय संवेदना को संरक्षित रखने और विकसित होने के लिये विशिष्ट सामाजिक व्यवस्था की आवश्यकता होती है। राजतंत्र, सामंती व्यवस्था या तानाशाही- ये सारी प्रणालियां संवेदना शून्य होकर ही स्थापित होती हैं और निष्ठुर होकर काम करती हैं। हिंसक गतिविधियां, अमानवीयता, निर्ममता, शोषण, उत्पीड़न और विरोधियों का दमन इनके पाये होते हैं। स्पष्ट है कि जिस व्यवस्था में लोकतंत्र रहेगा वहीं मानवीय संवेदनाएं संरक्षित-संवर्धित हो सकती हैं और जनता द्वारा उसकी मांग भी सम्भव है। इसी शासन प्रणाली में एक संवेदनशील समाज निर्माण की सर्वाधिक सम्भावनाएं होती हैं।

दुर्भाग्य से कुछ शक्तियों का रास्ता इस वैचारिकी से अलग है। अनेक संगठन एवं व्यक्ति ऐसे हैं जिनके लिए उदाता का मतलब कमजोरी है। अहिंसा उनके लिये कायरता, समानता अवांछनीय, धर्मनिरपेक्षता तुष्टिकरण तथा बन्धुत्व अस्वीकार्य है। पिछले दशक भर से हमारे लोकतांत्रिक जीवन के सारे ही कोमल तत्व सुनियोजित तरीके से समाप्त किये जा रहे हैं। माना यह जाने लगा है कि देश केवल बहुसंख्यकों की मर्जी से ही चलेगा तथा अल्पसंख्यकों का दर्जा दोयम नागरिकों का रहेगा। देश में दो तरह के कानून चलेंगे। शक्तिशाली व सत्ता से जुड़े लोगों के लिये अलग तथा वंचितों व कमजोर लोगों के लिये अलहदा। कहने को तो देश में संविधान और कानून है लेकिन वह सबके लिए बराबर है, अब यह कोई नहीं कह सकता। देश अब चंद लोगों के हाथों में है जिसका संचालन अब कार्पोरेट लॉबी करती है। सारी सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक व्यवस्थाएं केंद्रीकृत हो गयी हैं। इस व्यवस्था को बनाने के लिये राज्य आधारित हिंसा तथा प्रशासकीय क्रूरता ज़रूरी होती है तथा ऐसी जनता तैयार की जाती है जो संवेदनहीन हो। धर्मांधता, जातीयता और साम्प्रदायिकता जब बढ़ती है तो परस्पर नफ़रत और घृणा में भी इज़ाफ़ा होता है। इन सबका उत्स और केन्द्र सत्ता होती है, अतः इस मानसिकता के साथ तैयार हुई जनता यह मान लेती है कि जो नज़रिया सत्ता का है, वही उसका भी होना चाहिये- यही देशभक्ति है, यही धर्म की सेवा है। अपनी शक्ति को बरकरार रखने के लिये सत्ताएं भी अपने समर्थकों को नफ़रती व हिंसक बनाती हैं; और इस प्रक्रिया की शुरुआत संवेदनहीनता से होती है।

पिछले दशक भर का इतिहास देखें तो बलात्कारियों के स्वागत से लेकर उनके साथ खड़े होने और उनका समर्थन देने का रहा है। कोरोना में न जाने कितने लोग नदियों में बहा दिये गये या रेत में दफ़न हुए- नागरिक सवाल पूछने की बजाये सत्ता के साथ रहे। अब महाकुम्भ की त्रासदी में अपने ही देश के नागरिकों की मौत पर लोग संजीदा न होकर उसमें राजनीतिक एंगल खोज रहे हैं। कोई बाबाजी कहते हैं कि यहां मरने से मोक्ष मिलेगा तो कोई सवाल करने वाले शंकराचार्य को अपशब्द कह रहा है। संवेदना ही पशुता और मानवता के बीच की विभाजन रेखा खींचती है। भारत की विश्व भर में इसी मूल्य के कारण बड़ी धाक है। यह दुखद है कि भारत इस मूल्य को क्षुद्र राजनीति के चलते त्याग रहा है। बगैर करूणा व संवेदना के भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

निम्न और मध्यम वर्ग को सिर्फ़ कर में छूट देना मांग को बढ़ाने के लिए पर्याप्त नहीं

■ अंजन रॉय

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के आठवें बजट के बारे में एकमात्र बड़ा विचार 12 लाख रुपये तक की आयकर छूट की घोषणा है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह 7 लाख रुपये की छूट सीमा से बहुत बड़ी छलांग है। हालांकि इसमें एक राजनीतिक पेंच है।

लेकिन एक तरह से यह दिल्ली बिजली शुल्क के बारे में आप की अवधारणा से उधार लिया गया है। यानी, अगर आय 12 लाख रुपये से एक रुपया ज़्यादा है, तो 4 लाख रुपये की आय से आगे कर की प्रगतिशील दर लागू होगी।

मान लीजिए, 12 लाख रुपये की आय में एक रुपया और जोड़ने पर, व्यक्ति को 4 लाख रुपये से ज़्यादा की आय पर प्रगतिशील पैमाने पर 5प्रतिशत की दर से कर देना होगा। संभवतः, यह उम्मीद करते हुए कि 12 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को पूरी कर छूट मिलेगी, सवाल यह है-'क्या इससे घरेलू मांग बढ़ेगी?'

सरकार घरेलू विनिर्माण में एक बड़ा कदम उठाने की उम्मीद कर रही है जो अब तक साकार नहीं हुआ है। इसके बजाय, बजट अब विनिर्माण की चुनौतियों का सामना करने के साथ-साथ रोजगार बढ़ाने के लिए छोटे और मध्यम क्षेत्र को मजबूत करने और अधिक रोजगार सृजन गतिविधियों की ओर अग्रसर है। बजट कम से कम उस दृष्टिकोण को दर्शाने का प्रयास करता है।

यह देखते हुए, वर्तमान आयकरदाताओं में से 85प्रतिशत को कर के भुगतान से छूट मिलनी चाहिए। सरकार इस बदलाव पर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान देगी।

इसे मध्यम वर्ग का बजट कहा जा सकता है, जिसमें उच्च महत्वाकांक्षाओं और बयानबाजी की कमी है। यह राजकोषीय विवेक पर जोर देता है और निजी क्षेत्र के निवेश पर जोर देता है। कुल मिलाकर बजट रूढ़िवादी लगता है। बयानबाजी की कमी शेयर बाजार की धीमी प्रतिक्रिया में झलकती है।

उन्होंने 'लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और मांग' को महत्वपूर्ण स्तंभों के रूप में देखा था। उन्होंने शुरू में ही अपना मूल उद्देश्य बताते हुए कहा था-'यह बजट विकास को गति देने, समावेशी विकास को सुरक्षित करने, निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने, घरेलू भावनाओं को ऊपर उठाने और भारत के उभरते मध्यम वर्ग की खर्च करने की शक्ति को बढ़ाने के लिए हमारी सरकार के प्रयासों को जारी रखता है'।

इस तरह, वह बढ़ती घरेलू मांग, घरेलू निजी निवेश और जमीनी स्तर पर घरेलू लघु और मध्यम उद्यमशीलता की उम्मीद कर रही थी। बजट ने लघु और मध्यम क्षेत्र को महत्व दिया है।

यह सर्वोत्कृष्ट आपूर्ति पक्ष अर्थशास्त्र है। इसका एक बेहतरीन उदाहरण तब था जब राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने अमेरिकियों को बड़े कर कटौती की पेशकश की थी और वे मांग में भारी उछाल के साथ वापस आये और अमेरिकी आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया।

कुल मिलाकर, छूट में उछाल को छोड़कर, कराधान दरों को अछूता छोड़ दिया गया है। क्या निम्न और मध्यम वर्ग के लिए आयकर रियायत समग्र घरेलू मांग को बढ़ावा देगी और भारत को आगामी ट्रम्प स्टॉर्म टैरिफ और एक अशांत वैश्विक अर्थव्यवस्था से पार पाने में मदद करेगी?

31 जनवरी को जारी आर्थिक सर्वेक्षण में, यह सवाल उठाया गया था और इसका उत्तर मांगा गया था। सर्वेक्षण ने तर्क दिया था कि वैश्विक स्थिति बिगड़ रही है या कम से कम वैश्वीकरण पीछे हट रहा है। इसलिए, घरेलू मांग को और बढ़ावा देने की आवश्यकता थी।

भारत मुख्य रूप से घरेलू मांग के दम पर बढ़ रहा है। निर्यात केवल अवशिष्ट हो सकता है। चीन को उम्मीद है कि घरेलू मांग बढ़ने से उसे राहत मिलेगी, जो उसे अब तक नहीं मिल पाई है। साथ ही, वित्त मंत्री ने भारत के निर्यात हितों की रक्षा करने की कोशिश की है। उन्होंने सीमा शुल्क दरों और ढांचे में कुछ बदलाव किये हैं, जिन्हें ट्रंप के अमेरिका से बाधाओं के खतरे के साथ सशर्त बातचीत के रुख के लिए शुरुआती रुख कहा जा सकता है।

करों को लेकर उत्साह को अलग रखते हुए, बजट भाषण कृषि क्षेत्र, यात्रा और पर्यटन, स्वास्थ्य और खनन के लिए कुछ छोटी-मोटी परियोजनाओं और प्रस्तावों की पुनरावृत्ति की तरह लग रहा था। अतिशयोक्ति न करते हुए, अंततः यह फायदेमंद भी हो सकता है। कैसे?

वित्त मंत्री ने कृषि क्षेत्र को विकास के पहले इंजन के रूप में महत्व दिया है। वित्त मंत्री ने मूल्यवर्धित कृषि को प्रोत्साहित करने की कोशिश की है। मछली पालन, फल और सब्जियां तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को विकसित करने की कोशिश की गयी है। घरेलू उद्योग के लिए, बजट घरेलू मांग के सृजन पर अपनी उम्मीदें टिकाये हुए है, जो अकेले ही नये निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा दे सकता है। आखिरकार, अगर राजकोषीय घाटे को बनाये रखना है, तो सरकारी खर्च में वृद्धि नहीं हो सकती। बजट में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं या अन्य सार्वजनिक निवेशों में बड़े सार्वजनिक निवेश की घोषणा नहीं की गयी है।

सरकार घरेलू विनिर्माण में एक बड़ा कदम उठाने की उम्मीद कर रही है जो अब तक साकार नहीं हुआ है। इसके बजाय, बजट अब विनिर्माण की चुनौतियों का सामना करने के साथ-साथ रोजगार बढ़ाने के लिए छोटे और मध्यम क्षेत्र को मजबूत करने और अधिक रोजगार सृजन गतिविधियों की ओर अग्रसर है। बजट कम से कम उस दृष्टिकोण को दर्शाने का प्रयास करता है।

हालांकि, ब्लॉक में एक नया बच्चा तथाकथित 'मॉड्यूलर परमाणु ऊर्जा संयंत्र' और इस प्रयास में निजी क्षेत्र की भागीदारी है। वह मोलर परमाणु संयंत्रों में अधिक उदार विदेशी प्रत्यक्ष निवेश का संकेत दे रही है। छोटे परमाणु ऊर्जा संयंत्र एक प्रमुख खिलाड़ी हो सकते हैं।

यदि भारत को कृत्रिम बुद्धिमत्ता में आगे बढ़ना है तो यह एक निर्णायक कारक हो सकता है। बिजली की आसान उपलब्धता के आधार पर एआई विकसित हो सकता है।

सरकार सार्वजनिक निजी भागीदारी पर भरोसा कर रही है। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में निवेश काफी आगे बढ़ाना जरूरी था। परन्तु सरकार ने बुनियादी ढांचे में बड़े सार्वजनिक निवेश की घोषणा करने में कोई बड़ा कदम नहीं उठाया है।

सीतारमण ने राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.4प्रतिशत पर रखा है, जबकि बजट अनुमान 4.8प्रतिशत था। यह मुख्य रूप से जीएसटी संग्रह में उछाल के कारण संभव हो सकता है। इस तरह के नियंत्रित घाटे से निजी क्षेत्र को धन जुटाने के लिए बड़ा अवसर मिलेगा। अंत में, हर बजट बड़ी घोषणा वाला नहीं हो सकता। यह बजट छोटे-छोटे कदमों के साथ आगे बढ़ने की कोशिश करता है ताकि एक बड़ी छलांग लगायी जा सके।

आपके पत्र

गांव में विकास के लिए सड़क जरूरी

1 फरवरी को प्रस्तुत केन्द्रीय बजट में ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और अन्य ग्रामीण सड़क परियोजनाओं के तहत लगभग 70,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस राशि का उपयोग देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने और बुनियादी ढांचे के विकास में किया जाएगा। दरअसल आज भी हमारे देश में कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां सड़क का अभाव है। इनमें उत्तराखंड भी शामिल है। इस पहाड़ी राज्य के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां सड़कों का अभाव विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा बनी हुई हैं। राज्य के बागेश्वर जिला स्थित गरुड़ ब्लॉक का सुराग और भगदानू गांव इसका उदाहरण है। सुराग पंचायत स्थित इन दोनों गांवों की सड़कें आज भी बदहाल स्थिति में हैं। इन ग्रामीण इलाकों में सड़क निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही है, लेकिन अभी तक इसका कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

गांव में सड़क नहीं होने के कारण बहुत सारी कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी बारिश के दिनों में होती है जब कच्ची सड़क होने के कारण वह फिसलन भरी हो जाती है। जिस पर से इंसान और जानवरों का गुजरना मुश्किल हो जाता है। मवेशी पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक बड़ा माध्यम होता है। प्रतिदिन मवेशियों को चराने के लिए पहाड़ों पर ले जाना पड़ता है लेकिन बारिश के दिनों में अक्सर मवेशी कच्ची सड़क से फिसल कर पहाड़ के नीचे गिर जाते हैं। बहुत ही मुश्किल होता है ऐसे समय में हमें अपने कामों को करना। पहाड़ों पर जब बारिश होती है तो कई दिनों तक चलती है, ऐसे में मवेशियों को भूखा नहीं रखा जा सकता है अगर पक्की सड़क होती तो ग्रामीणों का जीवन भी आसान होता।

सड़कों का जाल पहाड़ों की जीवन रेखा माना जाता है, लेकिन उत्तराखंड के दूरस्थ गांवों में सड़क कनेक्टिविटी अब भी एक चुनौती बनी हुई है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने सड़कों के निर्माण पर जोर दिया है, लेकिन विभिन्न कारणों से कई सड़कें आज भी अधूरी पड़ी है। करीब 500 की आबादी वाले सुराग गांव के लोगों को भी सड़क का इंतज़ार है। इस संबंध में 45 वर्षीय नंदी देवी बताती हैं कि -सुराग गांव के लिए स्वीकृत सड़क का निर्माण अभी तक नहीं हो सका है, जिससे ग्रामीणों में निराशा है। हालांकि इसके लिए गांव वालों ने कई बार शासन-प्रशासन से मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हालांकि सुराग से भगदानू जाने वाली सड़क का सर्वेक्षण भी किया जा चुका है, लेकिन इसके बाद कोई ठोस प्रगति नहीं हुई.ज वह कहती हैं कि सड़क नहीं होने से सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और बुजुर्गों को होती है, जिन्हें जरूरत के समय गाड़ी उपलब्ध नहीं हो पाती है। सड़क नहीं होने के कारण कोई भी गाड़ी इस क्षेत्र में आने को तैयार नहीं होती है। बरसात के दिनों में कच्ची सड़कें पूरी तरह से कीचड़ में बदल जाती है, जिससे गाड़ियों का आवागमन बहुत मुश्किल हो जाता है।

सड़क की खराब हालत पर 10वीं में पढ़ने वाली गांव की एक किशोरी भावना रावल कहती है कि -हमारा स्कूल राजकीय इंटर कॉलेज, सैलानी गांव से लगभग 9 किमी दूर है। जहां पहुंचने के लिए मुझे रोजाना 5 किमी इसी कच्ची सड़क से होकर जाना पड़ता है। रोड नहीं होने की वजह से यहां गाड़ियां नहीं चलती हैं। अन्य मौसम में हमें बहुत अधिक दिक्कत नहीं होती है लेकिन बारिश के दिनों में हम बच्चे अक्सर कीचड़ से सने स्कूल ड्रेस में स्कूल पहुंचते हैं। उत्तराखंड में अब तक कुल 33,512 किमी सड़कों का निर्माण किया जा चुका है, और 171 किमी नई सड़कों के निर्माण का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए रखा गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पिछले दो वर्षों में राज्य में 1,481 किमी नई सड़कें बनी हैं, जिससे 519 नई सड़कों और 195 पुलों का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों को मिला है। इससे दूरस्थ गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ा गया है, जिससे यहां शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के अवसरों में वृद्धि हुई है। लेकिन सुराग और भगदानू गांवों की सड़कें आज भी बदहाल स्थिति में हैं, जिससे स्थानीय लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हालांकि केन्द्रीय बजट में जिस प्रकार से ग्रामीण सड़कों के विकास के लिए एक बड़ी राशि आवंटित की गई है, उससे आशा की जा सकती है कि इसका लाभ उत्तराखंड के इन दूरस्थ गांवों को भी मिलेगा. इसके अतिरिक्त यदि सरकार, प्रशासन और स्थानीय लोगों की भागीदारी से सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी जाए, तो जल्द ही ऐसे गांवों में विकास की नई रोशनी पहुंच सकती है।

-हेमा रावल, सुराग उत्तराखंड

ललित सुरजन की कलम से

इस्लाम बनाम आतंकवाद

'एक तो इस तथ्य पर गौर करना चाहिए कि दुनिया में धर्म के नाम पर राष्ट्रों का निर्माण कब कैसे हुआ। इतिहास में बहुत पीछे न जाकर बीसवीं सदी की ही बात करें तो ऐसा क्यों हुआ कि लगभग एक ही समय में धर्म पर आधारित दो देशों का उदय हुआ। मैं इस बात को कुछ समय पूर्व लिख चुका हूं कि इस्लाम पर आधारित पाकिस्तान और यहूदी धर्म पर आधारित इजरायल दोनों की स्थापना द्वितीय विश्व युद्ध के तुरंत बाद हुई। इनके निर्माण की पृष्ठभूमि क्या थी? पाकिस्तान के बारे में भारतवासी बहुत कुछ जानते हैं। वे ये भी जान लें कि इजरायल की स्थापना में भी उन्हीं साम्राज्यवादी पश्चिमी ताकतों का हाथ था। हिन्दी में इस विषय पर बहुत कम लिखा गया है, लेकिन जिज्ञासु पाठक महेन्द्र कुमार मिश्र की पुस्तक फिलिस्तीन और अरब इसराइल संघर्ष पढ़ सकते हैं। अंग्रेजी समझने वाले पाठक गीता हरिहरन द्वारा संपादित पुस्तक फ्रॉम इंडिया टू पैलेस्टाइन -एसेज इन सॉलीडरीटी (भारत से फिलिस्तीन- एकजुटता में निबंध) पढ सकते हैं। इस्लाम की एक गंभीर अध्येता करेन आर्मस्ट्रांग ने इस विषय पर अनेक पुस्तकें लिखी हैं। उनका मानना है कि धर्म के नाम पर जितना खून- खराबा हुआ है उससे कई गुना अधिक हिंसा दूसरे कारणों से हुई है जिनमें एक कारण जनतंत्र की रक्षा करना भी गिनाया गया है।'

(अक्षर पर्व दिसंबर 2015 अंक की प्रस्तावना)

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/12/blog-post_13.html

पावन प्रसंग

दुख को अभिशाप न मानिए

मानव मन बड़ा संवेदनशील है। वह जहां प्रकृति के सौंदर्य को देखकर प्रसन्न हो उठता है वहीं सांसारिक क्लेशों से विक्षुब्ध भी हो जाता है तथा सोचता है कि सृष्टा की इस सृष्टि की इस अनुपम कृति में दुखों का प्रादुर्भाव कहां से हो गया? अनेकों व्यक्ति इसका समाधान अपनी बुद्धि के अनुसार जनम-जन्मान्तरों से संबंध जोड़ते हुए प्रस्तुत करते हैं। प्रचलित मान्यताएं भी यही है कि पूर्वजन्मों के संचित सुकर्म-दुष्कर्म ही बाद के जीवन में सुख-दुख की परिस्थितियों का सृजन करते हैं। भाव-अभाव, सांसारिक सुख-दुख एवं उपलब्धियों-कमियों के विषय में यह तथ्य पूर्णतः सत्य है। पौराणिक मान्यता है कि कर्मफल देने वाले देवता के यहां भाग्य की पुस्तक में सभी मनुष्यों के कर्म लिखे जाते हैं। इसी से स्वर्ग-नरक का निर्धारण होता है परंतु इससे भी अधिक मान्यता ऐसे सिद्धांत की है, जिसके अनुसार प्रत्येक कर्म का फल किसी न किसी प्रकार का संचित संस्कार बनाता है और मनुष्य का भावी जीवन उसी संस्कार के अनुरूप होता है। समाज में अगणित पापी सुखी जीवन व्यतीत करते दीखते हैं तो कई धर्मात्मा कष्ट सहते हुए दृष्टिगोचर होते हैं। कर्मों की यह श्रृंखला यदि यहीं समाप्त हो गई होती तो बड़ा अन्याय होता। इसीलिए पुनर्जन्म और कर्मफल का अन्योन्याश्रय संबंध माना गया है। इसी संसार में सुख और दुख की अनुभूति ही नरक और स्वर्ग है जो मनुष्य को अपने कर्मानुसार सृष्टि के नियम के अधीन प्राप्त होते हैं।

सृष्टि के जिन तत्वों से भौतिक शरीर का संबंध है, उसी के साथ दुख के तत्व सुख के साथ ही आ जुड़े हैं। वस्तुतः अपूर्णता का दूसरा नाम ही दुख है। समस्त मनुष्यों के अंतःकरण में यही अनुभूति गंभीर रूप से विद्यमान होने से मनुष्य दुख की ही पूजा करता आया है, आराम की नहीं। महापुरुषों का उज्जवल इतिहास साक्षी है कि उनका विकास, व्यक्तित्व का परिष्कार एवं उत्थान दुखों के बीच ही हुआ है। उसमें पलकर-बढ़कर ही वे दृढ़ता-महानता जैसे गुण उपार्जित कर सके, जिससे समाज को नई दिशा मिली। सद् उद्देश्य के लिए दुख की सहज स्वीकृति ही साधना है। वही तपस्या भी है। तप के कारण जो कष्ट मिलता है, वह यों दुख जैसा प्रतीत होता है किन्तु उसमें असमर्थ की आंखों से टपकने वाली कातरता नहीं है। यह तो रूद्र तेज से उद्दीप्त आलोक है, ताप है, गति है, प्राण है, जिसमें अनादिकाल से मानव के जीवन प्रवाह को गतिमान रखता है। यह दुख मानव की दुर्बलता या असफलता की परिचायक नहीं है, वरन विकास का आधार है। यह दुख ही मनुष्य को नूतन सृजन के लिए, पुरुषार्थ करने के लिए प्रेरित करता है। यह कर्मप्रेरक दुख ही मानव समाज में चक्रपथ में घूमकर नवसृजन की परिस्थितियों का निर्माण करता है। जिस प्रकार ईंटों को मजबूती देने के लिए अग्नि,में पकाया जाता है, उसी प्रकार तपरूपी ताप में पककर मानव दृढ़ एवं साहसी बनता है। दुख अभिशाप नहीं, वरदान है। मनुष्य आत्मा की पूर्णता त्याग से दान से एवं तपस्या के द्वारा ही प्राप्त करता है। मनुष्य ने जो कुछ निर्माण किया है, तप से ही किया है। समस्या तब आ खड़ी होती है, जब उद्देश्यपूर्ण कष्ट से मनुष्य असंतुलित हो जाता है। निवारणार्थ प्रयत्न करने एवं पुरुषार्थ करने के स्थान पर वह निराश होकर निषेधात्मक मार्ग अपनाता है। वस्तुतः मानव उत्थान का अब तक का इतिहास यही बताता है कि दुखों की मंजिल से गुजरकर ही मनुष्य वर्तमान की संपन्न स्थिति तक पहुंच सका है। प्रतिकूलताओं की चुनौती को मानव ने स्वीकार किया; मछली की तरह धारा को उलटी दिशा में चीरते हुए प्रवाह बदलते हुए वह अभीष्ट परिस्थितियों का सृजन करते हुए वर्तमान विकसित स्थिति तक पहुंच सका है।

-युग निर्माण योजना

लोक निर्माण से लोक कल्याण

इनोवेशन,सस्टेनेबिलिटी,स्मार्ट सॉल्यूशंस की आवश्यकता- राकेश सिंह

◆ **लोक निर्माण मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रशिक्षण कार्यशालाओं को एक साथ किया संबोधित**

पन्ना, देशबन्धु। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में पूरे प्रदेश में एक साथ विभाग के संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन प्रशासनिक अकादमी भोपाल के साथ प्रदेश के आठ संभागीय मुख्यालयों में एक साथ किया गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य नवीनतम तकनीकों, उनके उपयोग और लाभों पर ध्यान केंद्रित करना था। इन कार्यक्रमों के माध्यम से उपस्थित अभियंताओं को आधुनिक निर्माण तकनीकों से अवगत कराया गया, जिससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता, स्थायित्व और पर्यावरण अनुकूलता को बढ़ाया जा सके। इस कार्यक्रम में उप यंत्री से लेकर अधीक्षण यंत्री स्तर तक के लगभग 1760 अभियंताओं ने भाग लिया। राज्य स्तर से मुख्य अभियंताओं के आठ दल अलग अलग संभागों में भेजे गए, जिन्होंने नवीन तकनीकों पर प्रशिक्षण प्रदान किया।

सागर संभाग में प्रशिक्षण का आयोजन होटल दीपाली में किया गया। जिसमें लगभग 128 प्रतिभागियों ने भाग लिया। राज्य स्तर से संजय मस्के मुख्य अभियंता एवं एस0एल0 सूर्यवंशी मुख्य अभियंता के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कार्यशाला को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि आज के युग में जब टेक्नोलॉजी तेजी से विकसित हो रही है तो इंजीनियर्स के लिए स्वयं को अपडेट रखना आवश्यक हो गया है। इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और स्मार्ट सॉल्यूशंस पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, और इसी उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गई है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लोक निर्माण से लोक कल्याण तक का मार्ग इंजीनियर्स के माध्यम से ही संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग की नींव तभी रखी गई थी जब देश में इस विभाग का गठन हुआ और तब से लेकर आज तक यह विभाग लगातार समाज के विकास में योगदान दे रहा है।मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इंजीनियर्स द्वारा निर्मित संरचनाएँ केवल आज के लिए नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होंगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक और आध्यात्मिक केंद्रों तक पहुँच इन्हीं संरचनाओं के माध्यम से होती है, जो लोक कल्याण की दिशा में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का गठन लोक कल्याण के लिए हुआ है, और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इंजीनियर्स को अपने कर्तव्यों को समझते हुए कार्य करना चाहिए।

उन्होंने विकसित भारत के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि विकसित मध्यप्रदेश इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। लोक कल्याण की संरचनाओं को आदर्श रूप में स्थापित करना और समाज में इंजीनियर्स की विशिष्ट भूमिका को बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इंजीनियर्स को इस जिम्मेदारी को समझते हुए कार्य करना चाहिए ताकि उनके द्वारा किए गए कार्यों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाए। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इंजीनियर्स को सजगता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए, ताकि उनके द्वारा निर्मित संरचनाएँ गुणवत्ता और विशिष्टता का प्रतीक बनें। उन्होंने कहा कि विभाग आपके साथ खड़ा हैं, ताकि मध्यप्रदेश के लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर्स का नाम देशभर में सम्मान के साथ लिया जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला इंजीनियर्स की क्षमताओं को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो लोक निर्माण से लोक कल्याण की यात्रा को मजबूती प्रदान करेगी।

प्रशिक्षण कार्यशाला में सभी मुख्य अभियंताओं द्वारा उपस्थित अभियंताओं को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नवीनतम तकनीकों उनके उपयोग और लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसमें प्रमुख रूप से व्हाइट टॉपिंग तकनीक जो सड़कों की उम्र 15.20 साल तक बढ़ाकर रखरखाव की आवश्यकता को कम करती है, तथा फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक जो पुरानी सड़क सामग्री के पुनः उपयोग से किफायती और पर्यावरण अनुकूल निर्माण सुनिश्चित करती है, शामिल थीं। अल्ट्रा हाई परफॉर्मेंस कंक्रीट से हल्की और मजबूत सड़कें व पुल बनाए जाते हैं जबकि वेस्ट प्लास्टिक का उपयोग सड़कों को अधिक टिकाऊ और प्रदूषण.मुक्त बनाने में सहायक होता है। इसके अलावाए ग्लास फाइबर रिइनफोर्स्ड पॉलिमर बार तकनीक के उपयोग से जंग.प्रतिरोधी, हल्का और मजबूत निर्माण संभव होता है, खासकर नमी वाले क्षेत्रों में। माइक्रोसर्फेसिंग तकनीक से सड़कों की ऊपरी परत को चिकना और मजबूत बनाया जाता है, जिससे पानी से सुरक्षा मिलती है और गड्ढों की समस्या कम होती है। जियोग्रिड और ग्लासग्रिड तकनीक कमजोर मिट्टी वाले स्थानों पर सड़कों को अतिरिक्त मजबूती प्रदान करती है और दरारों को रोकने में सहायक होती है। इसके अतिरिक्त लोक कल्याण सरोवर योजना के तहत सड़क निर्माण से निकली मिट्टी का उपयोग जल संरक्षण के लिए किया जाता है, जिससे भूजल स्तर में सुधार होता है। पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से पेड़ स्थानांतरण तकनीक को अपनाया जा रहा है, जिससे सड़क निर्माण के दौरान पेड़ों को काटने के बजाय सुरक्षित रूप से दूसरी जगह लगाया जा सकता है। इन सभी तकनीकों के माध्यम से मध्यप्रदेश में सड़क निर्माण कार्य को अधिक मजबूत, टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इस प्रशिक्षण का मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शिक्षाविद विक्रांत तोमर के मार्गदर्शन में आयोजित ट्रेनिंग नीड असेसमेंट सत्र रहा। उन्होंने सरल प्रश्नों के माध्यम से प्रतिभागियों के विचारों को एकत्रित कर प्रशिक्षण आवश्यकताओं को समझा। इस सत्र का उद्देश्य विभाग के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग फ्रेम वर्क तैयार करना था।ये प्रश्न मेंटी पोर्टल एवं गूगल फार्म के माध्यम से पूछे गए थे और क्यूआर कोड व लिंक सभी प्रतिभागियों के साथ शेयर किये गए थे। इन प्रश्नों में इंजीनियर्स द्वारा फेस की जा रही मुख्य चुनौतियां पूर्व में आयोजित प्रशिक्षण विभिन्न क्षेत्रों में इंजीनियर्स का तकनीकी कौशल, सॉफ्टवेयर, टूल्स के प्रशिक्षण की आवश्यकताए क्रॉस फंक्शनल टीमों के साथ सहयोग, व्यवहारिक कौशल विकास आदि से संबंधित प्रश्न सम्मिलित थे। इस सत्र में प्रतिभागियों ने खुलकर अपने विचार रखे और प्रश्न भी पूछे। सत्र के दौरान प्रतिभागियों द्वारा दिए गए उत्तरों का समग्र एनालिसिस भी किया गया और विभिन्न विषयों पर सामूहिक विचारों को प्रदर्शित किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान सभी प्रतिभागियों ने अनेक प्रश्नों के उत्तर दिये, जिनके आधार पर विभाग का कैपेसिटी बिल्डिंग फ्रेमवर्क तैयार किया जाएगा।

इन प्रश्नों का उत्तर देना भी विभाग के लिए एक प्रेरणादाई अनुभव रहा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शाम 6 बजे तक चलाए जिसमें सभी अभियंताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य ने ली बैठक

पन्ना, देशबन्धु। म0प्र0 पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त सदस्य ऋषि कुमार यादव ने पन्ना प्रवास के दौरान मंगलवार को स्थानीय सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान पिछड़ा वर्ग के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न योजनाओं एवं छात्र छात्राओं के छात्रवृत्ति प्रकरणों के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली कई समस्याओं के निराकरण पर भी विचार विमर्श किया।

आयोग सदस्य ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए संचालित स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरणों की स्वीकृति में तेजी लाएं। बैंक स्तर पर समय सीमा में ऋ़ण राशि के प्रस्ताव स्वीकृत हों।

इसके लिए जरूरी समन्वय और बेहतर कार्ययोजना के साथ कार्य किया जाए। शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य अनुसार कार्यवाही कर योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए। सदस्य श्री यादव ने अन्य पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाण पत्र निर्धारित नियमों के अनुसार जारी करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं एवं शासकीय सेवाओं में आवेदन के लिए जारी किये जाने वाले जाति प्रमाण पत्रों में क्रीमीलेयर के लिए निर्धारित आठ लाख रूपए वार्षिक आय के मामलों में भी अभिभावकों की शासकीय नौकरी की श्रेणी अनुसार कार्यवाही कर वेतनमान के स्थान पर पद अनुरूप नियत नियमों का पालन सुनिश्चित कर जाति प्रमाण पत्र जारी करें।

सदस्य आयोग ने कहा कि छात्र छात्राओं के छात्रवृत्ति प्रकरण जाति प्रमाण पत्र के अभाव में लंबित न रहें। इसी तरह अन्य विभाग की योजनाओं का लाभ भी समय पर सुनिश्चित हो। शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं में इस वर्ग की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो। पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेकर अधिकारियों को जन सेवा के भाव से शासकीय दायित्वों के निर्वहन तथा आम जनों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहने की सलाह भी दी। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक एवं जिला संयोजक आर0के0 सतनामी ने समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया।

इसके अलावा पोर्टल पर आवश्यक सुधार, बजट उपलब्धता, जिला स्तर पर छोटे मामलों में जरूरी कार्यवाही एवं प्रकरणों के निराकरण के लिए अधिकृत करने की मांग रखी। साथ ही माइग्रेशन वाले परिवार की जाति प्रमाण पत्र संबंधी समस्याओं के तत्काल निराकरण के लिए भी आवश्यक सुधार के लिए कहा।

सदस्य आयोगने छात्रावास की सुविधाओं और लाइब्रेरी की व्यवस्थाओं के संबंध में भी चर्चा की। साथ ही पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, सिविल सेवा प्रोत्साहन, पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रावास योजना सहित पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक उद्यम योजना के क्रियान्वयन के बारे में भी जानकारी ली। बैठक में संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

CHANGE OF NAME & DOB

I , VIDHYAWATI KUSHWAH IS MOTHER OF ARMY NO - 10391027Y RANK NK NAME PRAHLAD SINGH KUSHWAH SERVING IN 108 INF BN TA MAHAR C/O 56 APO HOME ADDRESS GRAM GAYAGANJ , POST BARARU , TEH - SAGAR , DIST - SAGAR , STATE - MADHYA PRADESH, PIN CODE - 470001 HAVE CHANGED MY NAME FROM VIDYAWATI KUSHWAH TO VIDYABATI KUSHAWAHA AND CHANGED MY DOB FROM 41 YEARS TO 25/06/1967 IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 04/02/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

CHANGE OF NAME & DOB

I , JASWANT SINGH IS FATHER OF ARMY NO - 10391027Y RANK NK NAME PRAHLAD SINGH KUSHWAH SERVING IN 108 INF BN TA MAHAR C/O 56 APO HOME ADDRESS GRAM GAYAGANJ , POST BARARU , TEH - SAGAR , DIST - SAGAR , STATE - MADHYA PRADESH, PIN CODE - 470001 HAVE CHANGED MY NAME FROM JASWANT SINGH TO JASWANT SINGH KUSHWAHA AND CHANGED MY DOB FROM 44 YEARS TO 27/03/1965 IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 04/02/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

CHANGE OF NAME

I , MRS SUNAYANA TANGRI IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF NO - IC 72067P RANK LT COL NAME SAMIR TANGRI SERVING IN 56 ENGR REGT C/O 56 APO HOME ADDRESS VTC - NANGAL , PO - NANGAL TOWNSHIP, DIST - RUPNAGAR, STATE - PUNJAB, PIN CODE - 140124 HAVE CHANGED MY NAME FROM MRS SUNAYANA TANGRI TO SUNAYANA MADAAN IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 04/02/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पन्ना जिला पन्ना म.प्र.

आदेशिका क्र./588/ 2025 पन्ना, दिनांक– 07.01.2025

सार्वजनिक उद्‌घोषणा

नोटिस दाता–इन्द्रभान अहिरवार उम्र 26 वर्ष पुत्र श्री राम स्वरूप अहिरवार निवासी ग्राम बनोली पोस्ट बनोली, तहसील सिमरिया जिला पन्ना म.प्र.

एवं

तनु कश्यप उम्र 25 वर्ष पुत्री श्री शिव कुमार कश्यप
निवासी 569 व/444 प्रेमनगर आलमबाग
तहसील आलमबाग जिला लखनऊ उत्तर प्रदेश

इस नोटिस के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नोटिस दाताओं ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत् परस्पर विशेष विवाह करने हेतु सूचना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त विवाह के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि द्वारा लिखित रूप में इस उद्‌घोषणा जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विधि के सम्यक अनुक्रम में सुनवाई नहीं की जाएगी।

उद्‌घोषणा के साथ द्वितीय अनुसूची ''आशयित विवाह की सूचना'' संलग्न कर भेजी जा रही है। उद्‌घोषणा का विधिवत् प्रकाशन कराया जाए एवं बाद तामील इस न्यायालय को भेजी जाए।

उद्‌घोषणा आज दिनांक 06 जनवरी 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी की गई।

संलग्न–आशयित विवाह की सूचना।

प्रकरण में सुनवाई तिथि–**03.03.2025**

(नीलाम्बर मिश्र)
अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी–पन्ना, जिला पन्ना (म.प्र.)

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पन्ना जिला पन्ना म.प्र.

आदेशिका क्र./648 2025 पन्ना, दिनांक– 28.01.2025

सार्वजनिक उद्‌घोषणा

नोटिस दाता–लोकेन्द्र सिंह बुन्देला उम्र 24 वर्ष, पुत्र श्री वीर सिंह बुन्देला निवासी वार्ड नं. 10 आगरा मोहल्ला पन्ना, तहसील पन्ना, जिला पन्ना म.प्र.

एवं

आराधना पाण्डेय उम्र 26 वर्ष पुत्री श्री रामकेश पाण्डेय
निवासी आदित्य कालेज रोड, सीएमए स्कूल मुकता नगर सतना
तहसील रघुराज नगर जिला सतना म.प्र.

इस नोटिस के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नोटिस दाताओं ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत् परस्पर विशेष विवाह करने हेतु सूचना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त विवाह के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि द्वारा लिखित रूप में इस उद्‌घोषणा जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विधि के सम्यक अनुक्रम में सुनवाई नहीं की जाएगी।

उद्‌घोषणा के साथ द्वितीय अनुसूची ''आशयित विवाह की सूचना'' संलग्न कर भेजी जा रही है। उद्‌घोषणा का विधिवत् प्रकाशन कराया जाए एवं बाद तामील इस न्यायालय को भेजी जाए।

उद्‌घोषणा आज दिनांक 23 जनवरी 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी की गई।

संलग्न–आशयित विवाह की सूचना।

प्रकरण में सुनवाई तिथि–**24.02.2025**

(नीलाम्बर मिश्र)
अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी–पन्ना, जिला पन्ना (म.प्र.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद् छतरपुर (म.प्र.)

क्रमांक/937/लो.नि.शा./न.पा.छ. / 2025 छतरपुर, दिनांकः- 03/02/2025

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें प्रतिशत दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	1	2	3	4	5
1	400520 04.02.25	न.पा. क्षेत्रांतर्गत संकट मोचन तिराहा से गईया चौराहा तक रोड चौड़ीकरण बी.टी. रोड निर्माण कार्य।	1. (06माह) 2. रु.33,34,971/-	1. रू. 5000/- 2. रु. 25,012/-	10.03.2025

नोट :– निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https:mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् छतरपुर

अपात्र राशन कार्ड होंगे निरस्त, 5 फरवरी से 4 मार्च तक करवा सकते हैं ई-केवायसी

पन्ना, देशबन्धु। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत अब खाद्यान्न प्राप्त करने वाले समस्त हितग्राहियों का ई.केवायसी के जरिए सत्यापन किया जाएगा। उच्चतम न्यायालय में दायर एक याचिका में पारित आदेश के परिपालन में ई.केवायसी उपरांत दोहरे, अपात्र और साइलेंट राशन कार्डों को निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। शासकीय उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त करने वाले पात्र हितग्राही दुकानों पर पीओएस मशीन के माध्यम से 5 फरवरी से 4 मार्च तक ई.केवायसी करा सकते हैं।

जिले में अधिनियम अंतर्गत कुल सम्मिलित परिवारों की संख्या दो लाख 4 हजार 746 एवं सदस्य संख्या 8 लाख 54 हजार 173 है। सदस्य संख्या के विरूद्ध अब तक लगभग 62 प्रतिशत से अधिक हितग्राही सदस्यों का ई.केवायसी पूर्ण किया जा चुका है, जबकि एक माह के विशेष अभियान में शेष लगभग 38 प्रतिशत सदस्यों की निकायवार ई.केवायसी की कार्यवाही पूर्ण किया जाना शेष है। जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया ने बताया कि स्थानीय निकाय स्तर पर नगर परिषद देवेन्द्रनगर अंतर्गत शत प्रतिशत ई.केवायसी पूर्ण की जा चुकी है। जबकि जनपद पंचायत अजयगढ़ में 44 हजार 869, जनपद पंचायत गुनौर में 75 हजार 233, जनपद पंचायत पन्ना में 51 हजार 807, जनपद पंचायत पवई में 64 हजार 833 तथा जनपद पंचायत शाहनगर अंतर्गत 60 हजार 501 सदस्यों की ई.केवायसी शेष है। इसी तरह नगर पालिका पन्ना अंतर्गत 8 हजार 482, नगर परिषद अजयगढ़ में 2 हजार 128, नगर परिषद अमानगंज में 6 हजार 555, नगर परिषद ककरहटी में 2 हजार 835 और नगर परिषद पवई में पात्र परिवारों के 3 हजार 554 सदस्यों की ई.केवायसी पूर्ण की जाना है। इसके लिए उचित मूल्य दुकान विक्रेता द्वारा भी हितग्राही के घर –घर जाकर संपर्क किया जाएगा।

इस संबंध में खाद्य, सहकारिता एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं को निर्देशित कर खाद्यान्न सामग्री वितरण के दौरान पीओएस मशीन में छूटे हुए सभी पात्र हितग्राहियों की ई.केवायसी समय सीमा में पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही समस्त पात्र हितग्राहियों से भी आधार कार्ड के साथ उचित मूल्य दुकान पहुंचकर अभियान अवधि में बायोमैट्रिक सत्यापन द्वारा ई.केवायसी कराने की अपील की गई है, जिससे भविष्य में खाद्यान्न की पात्रता से वंचित न होना पड़े।

पीपीओ का वितरण

पन्ना, देशबन्धु। जिला पेंशन कार्यालय द्वारा मंगलवार को सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ का वितरण किया गया। जिला पेंशन अधिकारी ओ0पी0 गुप्ता एवं सहायक पेंशन अधिकारी मुकेश साहू ने पेंशन कार्यालय में गत माह सेवानिवृत्त शिक्षिकाओं ममता खरे एवं ऊषा प्रजापति को पेंशन पेमेंट ऑर्डर वितरित किए। इस मौके पर सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के परिजन भी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में आए 19 आवेदन

पन्ना, देशबन्धु। जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 19 आवेदन आए। संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम ने जनसुनवाई में आम लोगों की समस्याएं सुनीं। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

किसानों के कल्याण हेतु कई शासकीय योजनाएं संचालित

पन्ना, देशबन्धु। मध्य प्रदेश में किसान कल्याण के लिये मिशन प्रारंभ होने वाला है। वर्तमान में किसानों के कल्याण की विभिन्न योजनाएँ संचालित हो रही हैं। कृषकों की सहायता के लिये मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना लागू की गई है। योजनांतर्गत कृषकों को आंशिक अपंगता के लिये 50 हजार रूपये की सहायता प्रदान की जाती है। स्थायी अपंगता पर एक लाख रूपये एवं मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये प्रदान किये जाते है। साथ ही अंत्येष्टि के लिये 4 हजार रूपये की सहायता दिये जाने का प्रावधान है। इसी तरह कृषि उपज मण्डी समितियों में अनुज्ञप्तिधारी हम्माल एवं तुलावटियों के उत्थान के लिये भी योजना लागू की गई है। योजना अंतर्गत प्रसूति व्यय एवं प्रसूति अवकाश सहायता, विवाह के लिये सहायता, प्रावीण्य छात्रवृत्ति सहायता, चिकित्सा सहायता, दुर्घटना में स्थायी अपंगता सहायता, मृत्यु सहायता,अंत्येष्टि सहायता, मण्डी प्रांगण में कार्य करते समय हुई दुर्घटना में सहायता आदि का समावेश किया गया है। कृषि उपज मण्डी समितियों में कार्यरत अनुज्ञप्तिधारी हम्माल एवं तुलावटियों के सहायतार्थ मुख्यमंत्री कृषि उपज मण्डी हम्माल एवं तुलावटी वृद्धावस्था सहायता योजना 2015 लागू की गई। यह योजना उन हम्माल एवं तुलावटियों एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों पर प्रभावी होगीए जो मण्डी उपविधि के प्रावधान अनुसार मण्डी समिति में 18 से 55 वर्ष आयु के अनुज्ञप्तिधारी हम्माल एवं तुलावटी हैं।

हीरा नीलामी में विक्रय हीरों का होगा भुगतान

पन्ना, देशबन्धु। गत दिसम्बर माह में संपन्न हुई हीरा नीलामी में 300.13 कैरेट वजन के कुल 127 नग हीरों का प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान 5 करोड़ 38 लाख 62 हजार 233 रूपए में 230.81 कैरेट वजन के 86 नग हीरों का विक्रय किया गया। नीलामी में सूरत, गुजरात एवं मुम्बई के व्यापारियों द्वारा उच्च बोली लगाकर हीरा क्रय किए गए। लेकिन कुछ व्यापारियों द्वारा आरटीजीएस के माध्यम से संचालक भौमिकी तथा खनिकर्म के बैंक खाता क्रमांक 35562351653 में राशि जमा कराए जाने के कारण तुआदारों को विक्रय हीरों का भुगतान नहीं किया जा सका था। अब हीरा अधिकारी कार्यालय पन्ना के लेखा शीर्ष में गत 3 फरवरी को राशि अंतरित हो जाने के कारण भुगतान में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है।

कार्यालय नगर परिषद पटेरा जिला दमोह म.प्र.

क्र./राज./न.प./2024/181 पटेरा दिनांक 04.02.2025

इश्तहार

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती सायका खान पिता /पति श्री नजीब अहमद** वार्ड क्रमांक 09 ग्राम **पटेरा** का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/ भवन क्रं. 262 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक/ **भवन क्रं. 262 वार्ड क्र. 09 श्री दीपक ताम्रकार पिता श्री बिहारी ताम्रकार** का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन/ प्लाट के हस्तांतरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनांक 04.02.2025 को 30 दिवसीय इश्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,नगर परिषद पटेरा जिला दमोह

कार्यालय नगर परिषद पटेरा जिला दमोह म.प्र.

क्र./राज./न.प./2024/173 पटेरा दिनांक 04.02.2025

इश्तहार

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती सियारानी रैकवार पति श्री कालूराम रैकवार** वार्ड क्रमांक 05 ग्राम **पटेरा** का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/ भवन क्रं. 28 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक/ **भवन क्रं. 28 श्री कालूराम रैकवार पिता श्री रल्ली रैकवार** का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन/ प्लाट के हस्तांतरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनांक 04.02.2025 को 30 दिवसीय इश्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद पटेरा जिला दमोह

कार्यालय नगर परिषद पटेरा जिला दमोह म.प्र.

क्र./राज./न.प./2024/175 पटेरा दिनांक 04.02.2025

इश्तहार

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री विजय मण्डल पिता श्री हरन मण्डल** वार्ड क्रमांक 12 ग्राम **पटेरा** का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/ भवन क्रं. ...... का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक/ **भवन क्रं...... वार्ड क्रमांक 12 श्री सुधीर ताम्रकार पिता हरि शंकर ताम्रकार** का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन/ प्लाट के हस्तांतरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनांक **04.02.2025** को 30 दिवसीय इश्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद पटेरा जिला दमोह

कार्यालय नगर परिषद पटेरा जिला दमोह म.प्र.

क्र./राज./न.प./2024/179 पटेरा दिनांक 04.02.2025

इश्तहार

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री ओमप्रकाश सोनी पिता श्री पुट्टीलाल सोनी** वार्ड क्रमांक 12 ग्राम **हरपालपुरा** का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/ भवन क्रं. ख. 990 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक/ **भवन क्रं. ख. 990 वार्ड क्र. 02 श्री गनेश यादव पिता श्री भैयालाल यादव** का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन/ प्लाट के हस्तांतरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनांक .04.02.2025 को 30 दिवसीय इश्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद पटेरा जिला दमोह

कार्यालय नगर परिषद पटेरा जिला दमोह म.प्र.

क्र./राज./न.प./2024/177 पटेरा दिनांक 04.02.2025

इश्तहार

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती ताराबाई, सुनील, सुधीर तिवारी पिता/पति श्री सीताराम तिवारी** वार्ड क्रमांक 07 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/ भवन क्रं. 64 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक/ **भवन क्रं. 64 वार्ड क्रमांक 07 श्री सीताराम तिवारी पिता श्री भगवदीन तिवारी** का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन/ प्लाट के हस्तांतरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनांक 04.02.2025 को 30 दिवसीय इश्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद पटेरा जिला दमोह

गौचर भूमि पर कब्जे के विरोध में बजरंग दल कराया बंद, सड़क पर किया हनुमान चालीसा पाठ

टीकमगढ़, देशबन्धु। जिले के खरगापुर में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गोचर भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग को लेकर बाजार बंद का आह्वान किया। प्रदर्शनकारियों ने नगर में रैली निकाली और विरोध स्वरूप सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया।

बजरंग दल के प्रखंड संयोजक रमेश रैकवार के अनुसार खरगापुर स्थित खसरा नंबर 332 की 20.03 एकड़ गोचर भूमि पर शकूर पिता कम्मू, बफात खान और सलीम ने अवैध कब्जा कर रखा है। इस मामले में पहले भी 5 अगस्त और 31 दिसंबर 2024 को प्रशासन को आवेदन दिए गए थेए लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

48 घंटों का दिया अल्टीमेटम

हिंदूवादी संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि 48 घंटों के भीतर अवैध कब्जा नहीं हटाया गया, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर नगर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे।

निवाड़ी में जोड़े जाने के विरोध में भूख हड़ताल, जनप्रतिनिधियों का घेराव

कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

टीकमगढ़, देशबन्धु। जिले की दिगौड़ा व मोहनगढ़ तहसील के कई ग्रामों को निवाड़ी जिले में जोड़े जाने की तैयारी मप्र सरकार द्वारा की जा रही है, लेकिन दिगौड़ा व मोहनगढ़ क्षेत्र की जनता लगातार इसका विरोध कर रही है। इस विरोध प्रदर्शन में मंगलवार को समाजसेवी रमाशंकर पस्तोर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रमोद यादव, जिपं सदस्य मनोहर लाल अहिरवार, भगवान सिंह बुंदेला, छिद्दू खान, जयप्रकाश शुक्ला, अजय चौबे, देवेंद्र घोष, लोकेंद्र बुंदेला, विनोद सेन, धीरेंद्र साहू सहित कई लोगों ने बस स्टैंड से मुख्य बाजार तक पैदल चलकर जमकर नारेबाजी की गई और तहसील कार्यालय में जाकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार पीयूष दीक्षित को ज्ञापन सौंपा। समाजसेवी ने बताया है कि यदि शासन व प्रशासन इस मांग को नहीं मानता है, तो 7 फरवरी से विशाल आंदोलन किया जाएगा।

8 पार्षदों ने किया बैठक का बहिष्कार, फर्जी मस्टर रोल जारी कर राशि निकालने का आरोप

लिधौरा, देशबन्धु। नगर परिषद के अध्यक्ष और सीएमओ जमकर मनमानी करने पर उतारू हैं। इसी बात से नाराज़ 8 पार्षदों ने परिषद की सामान्य सभा बैठक का बहिष्कार कर दिया। आरोप है कि उक्त पार्षदों के बिंदुओं का एजेंडे में शामिल नहीं किया गया था। मामले की शिकायत कलेक्टर लिखित रूप से भी की गई है। पार्षद फूल सिंह यादव ने बताया कि नगर परिषद कार्यालय में 8 लोगों के नाम से फर्जी मस्टर रोल जारी कर उनका भुगतान किया जा रहा हैं। जबकि इनमें से कोई कर्मचारी काम पर नहीं आता है। परिषद के अध्यक्ष की सहमति पर यह पूरा फर्जीवाड़ा हो रहा हैं। जब हम सभी पार्षदों ने इस मामले की फाइल मांगी, तो उन्हें जानकारी नहीं दी गई। हम सभी की आवाज़ को दबाने का प्रयास किया गया। बताया गया कि मस्टर रोल में अंकित एक कर्मचारी जो कि बड़ा कारोबारी हैं, उसके नाम से हर माह राशि निकाली जाती हैं, जबकि वह सुबह 9 बजे से लेकर रात 10 बजे तक अपनी दुकान पर बैठा रहता हैं। उसकी दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरे इस बात का प्रमाण हैं। उक्त व्यक्ति को फायर बिग्रेड वाहन और ट्रैक्टर चालक बनाकर उसके नाम पर पैसा निकाला जाता हैं। इसी तरह एक वार्ड पार्षद के भांजे को भी फर्जी तरीके से कागजों में कर्मचारी बनाकर रखा गया हैं। आरोप हैं कि नगर परिषद के अध्यक्ष विजेता चढ़ार के पति अजय चढ़ार और ससुर जो कि शासकीय कर्मचारी है। यही सब मिलकर परिषद् को चला रहे हैं। साथ ही इन्हीं के दबाव में सीएमओ काम करते हैं।

बुलाना था विशेष सम्मेलन

बीते 27 जनवरी को जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी ने लिधौरा नगर परिषद के सीएमओ को पत्र जारी कर नगर पालिका अधिनयम 1961 की धारा 57 के तहत विशेष सम्मेलन बुलाए जाने का आदेश जारी किया था। लेकिन सीएमओ और अध्यक्ष ने विशेष सम्मेलन न बुलाकर सामान्य सभा की बैठक बुला ली इसी बात से अधिकांश पार्षदों ने नाराज़गी जताई है।

वाइन शॉप के विरोध में महिलाओं ने जताया विरोध, कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया प्रदर्शन

टीकमगढ़, देशबन्धु। मंगलवार को स्थानीय महिलाओं ने चकरा तिराहे पर खुल रही वाइन शॉप का विरोध करते हुए कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। महिलाओं का कहना है कि यह पूरी तरह से रिहायशी इलाका है, जहां छोटे-छोटे बच्चे और परिवार रहते हैं। वार्ड नंबर 18 की रहने वाली शोभा विश्वकर्मा ने बताया कि जहां वाइन शॉप खोली जा रही है, वहां पहले एक होटल था। कुछ दिन पहले ही वहां अचानक वाइन शॉप का बोर्ड लगा दिया गया। शराब की दुकान खुलने से देर रात तक लोगों का आना-जाना बना रहेगा, जिससे मोहल्ले का माहौल खराब होगा और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन के खिलाफजोरदार नारेबाजी की और वाइन शॉप का स्थान बदलने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। विरोध प्रदर्शन में बृजेश यादव, मनोज कुशवाहा, आकाश नायक, कमलेश, विनायक रावत सहित वार्ड के कई निवासी शामिल थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक उनकी मांग नहीं मानी जाएगी तब तक विरोध जारी रहेगा।

गुटखा, तम्बाकू खाने वालों पर चालानी कार्यवाही

टीकमगढ़, देशबन्धु। जिला चिकित्सालय में सिविल सर्जन डॉ अमित शुक्ला के मार्गदर्शन में विश्व कैंसर दिवस 4 फरवरी को मनाया गया। कैंसर के जानकर डॉ डीएस भदौरिया ने बताया कि यह दिवस कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस को जिला चिकित्सालय में प्रभावी बनाने के लिए कोटपा कानून 2003 के तहत सहायक प्रबन्धक श्रीमती डॉ. अंकुर साहू द्वारा अभियान चलाकर गुटखा एवं नशीले पदार्थ इस्तेमाल करने वाले मरीजो पर चलानी कार्यवाही की गई एवं सभी को अस्पताल में गुटखा तम्बाकू न खाने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही इन पदार्थों से कैंसर जैसी बीमारी होने के खतरे के बारे में बताया गया। अभियान अंतर्गत कुल 24 लोगों की रसीद काटी गई। जिसमें कुल 2250 रुपए की राशि जमा हुई। इस दौरान स्टीवर्ड अंशुल मिश्रा, गार्ड सुपरवाइजर सद्दाम खान, कय्यूम, विवेक, विक्रम आदि शामिल रहे।

आधा दर्जन लोगों ने एक राय होकर किया शख्स पर हमला, मामला दर्ज

जतारा, देशबन्धु। थानांतर्गत मुहारा गांव सालों पूर्व कभी लड़ाई झगड़े के लिए जाना जाता था। मुहारा में पुलिस की सख्ती से कुछ वर्षो से शान्ति का माहौल बन गया था, लेकिन अब कुछ असामाजिक तत्व एव शराबी सक्रिय हो गए है और आये दिन लड़ाई झगड़े हो रहे है, गांव में बीते रोज एक बड़ा विवाद होने की खबर आई है। पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों को पकड़ने की तलाश शुरू कर दी है। घटना के संबंध में थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी राजा पिता राम सहाय यादव उम्र 20 वर्ष निवासी मुहारा ने पुलिस को बताया दिन में एक टैक्सी पलट गई थी, तो कुछ लोग शराब के नशे में टैक्सी वालो से मारपीट कर रहे थे, तो राजा यादव ने मना किया, जिस पर नाराज होकर बंटी यादव, कलूटा यादव ने राजा के साथ गाली गलौज कर दिया। राजा ने पुलिस को बताया कि इसके बाद रात में लगभग 11 बजे रोहित यादव, कलूटा यादव उसके घर के पास पहुचे और गालियां देने लगे जब उसने मना किया, तो साथ में उदयपुरा निवासी मजबूत सिंह, रंजीत यादव, राहुल यादव आदि भी आ गए और मारपीट कर दी। जिसमें वह खुद एवं उसके पिता रामसहाय एवं दादी लक्ष्मीबाई घायल हो गई। बताया गया कि घायलों का इलाज टीकमगढ़ में किया जा रहा है। पुलिस ने राजा यादव की रिपोर्ट पर आरोपी राजू यादव, बंटी यादव, कलूटा यादव, रानू यादव निवासी मुहारा एव मजबूत यादव, रंजीत यादव, राहुल यादव के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351(3), 333(3), 51 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने अवैध बंदूक व जिंदा कारतूस के साथ युवक को किया गिरफ्तार

टीकमगढ़, देशबन्धु। दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धामना की सिद्ध बाबा मंदिर की पहाड़ी के पास से सोमवार को दिगौड़ा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर कार्यवाही करते हुए एक युवक के कब्जे से अवैध 12 बोर की बंदूक व जिंदा कारतूस को जप्त कर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

थाना प्रभारी नीरज लोधी ने बताया है कि सोमवार को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धामना के पास सिद्ध बाबा मंदिर की पहाड़ी पर एक युवक अपराध करने की नियत से हाथ में बंदूक लेकर घूम रहा है। मुखबिर की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। जहां सिद्ध बाबा पहाड़ी के पास युवक प्रथम सिंह उर्फ विजय प्रताप सिंह परमार 21 साल निवासी धामना पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने युवक को घेराबंदी कर पकड़ा और पूछताछ की गई। जिसमें प्रथम सिंह ने पहाड़ी की झाड़ियों में छिपाकर रखी बंदूक को बताया। पुलिस टीम ने 12 बोर की अवैध बंदूक व एक जिंदा कारतूस को बरामद कर आरोपी युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी नीरज लोधी, आंनद सुडेले, अभय वर्मा, अभिषेक तिवारी, राघवेंद्र लोधी, रजत दांगी की अहम भूमिका रही।

गस्त के दौरान पुलिस ने पकड़ा चोरी गया ट्रैक्टर

लिधौरा, देशबन्धु। नगर में मंगलवार पुलिस ने चोरी गए ट्रैक्टर को बरामद करने में सफलता हासिल की है। हर रोज़ की तरह प्रधान आरक्षक आदर्श मुनि और आरक्षक सौरव शर्मा पायलट गजेंद्र सिंह के साथ रात्रि गस्त दे रहे थे, तभी उन्हें सूचना मिली कि ग्राम दुर्गापुर मवई से राघवेंद्र अहिरवार का महिंद्रा ट्रैक्टर और ट्रॉली चोरी हो गई है। गस्त कर रहे उक्त पुलिस कर्मियों को तड़के सुबह 4 बजे लाल रंग का एक ट्रैक्टर जिसमें ट्रॉली लगी हुई जाते दिखा। जैसे ही उन्होंने अपनी गाड़ी का सायरन बजाया और ट्रैक्टर चालक को वाहन रोकने के लिए कहा तो ड्राइवर ने ट्रैक्टर विद्युत पोल में मार दिया और मौके से फरार हो गया। सुबह जब उक्त ट्रैक्टर की जानकारी मुख्यालय को दी गई, तो पता चला यह वही वाहन है जो ग्राम दुर्गापुर से चोरी गया था। फिलहाल वाहन को देहात थाने के सुपुर्द कर दिया है।

2 बाइकों में टक्कर, 1 युवक घायल

टीकमगढ़, देशबन्धु। जिले के अंतर्गत ग्राम रायपुर सिनोनी के पास मंगलवार की दोपहर को दो बाइकों में आमने सामने टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार युवक घायल हो गया। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस ने मौके पर पहुंच कर घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गयाए जहां घायल युवक का इलाज किया जा रहा है। 108 एंबुलेंस के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुरेंद्र गंगवार ने बताया है कि मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे ग्राम रायपुर सिनोनी के पास दो बाइकों में आमने सामने टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार अंकित राजपूत 25 साल निवासी पूराकलां ललितपुर घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के ईएमटी संजय लोधी व पायलेट आसिफ खान मौके पर पहुंच गए। एंबुलेंस कर्मचारियों ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल में लाया गया। जहां पर घायल युवक का उपचार किया जा रहा है।

40,लाख नहीं सिर्फ 501 चाहिए... बेटे की सगाई में पिता ने ठुकराई सगुन की राशि, दुल्हन पक्ष के लोग हुए भावुक

अवधेश वर्मा

टीकमगढ़,देशबंधु । समाज में वर्षों से चली आ रही दहेज प्रथा के एक अंगूठा मामला सामने आया है कि बल्देवगढ़ विकासखंड अंतर्गत श्यामपुरा निवासी भाग चंद्र लोधी शिक्षक की पुत्री प्रीति लोधी की शादी अमोल पठा करैरा जिला शिवपुर निवासी अमर सिंह लोधी शिक्षक उनके पुत्र कपिल लोधी की सगाई समारोह बल्देवगढ़ मैरिज गार्डन सिद्धि विनायक में समारोह हुआ।

सगाई समारोह में वधु पक्ष द्वारा 40 लाख रुपए दहेज देने की घोषणा की तो अमर सिंह लोधी खड़े हुए और उन्होंने दहेज को ठुकराने की घोषणा कर दी। उन्होंने समाज के सामने कहा- इन पैसों से मैं अमीर नहीं बन सकता लेकिन इस सोच से हम गरीब जरूर बन जाएंगे। दहेज प्रथा ने हमारी परंपराओं को कलंकित किया है। पहले सगाई एक शुभ शगुन होता था जिसे हमने दहेज में बदल दिया है। हमें सगुन लेना चाहिए, सौदा नहीं करना चाहिए। मुझे 40 लाख नहीं चाहिए, सिर्फ 501 रुपए सगुन के रूप में ही काफी है। अमर सिंह लोधी के इस फैसले पर सगाई समारोह में मौजूद सैकड़ों गणमान्य लोगों और समाज के प्रमुख प्रतिनिधियों ने तालियां बजाकर उनका समर्थन किया। समाज के लोगों ने कहा कि अमर सिंह ने ऐतिहासिक पहल कर समाज को नई दिशा दी है। उनका यह फैसला न केवल लोधी समाज, बल्कि संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणादायी है। यह घटना साबित करती है कि यदि हम ठान लें तो कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है।

4 महिलाओं ने एक को कुएं में फेंका

टीकमगढ़, देशबन्धु। कोतवाली थाना क्षेत्र के मिनौरा गांव में चार महिलाओं ने मिलकर एक महिला को कुएं में धकेल दिया। आरोपी महिलाओं ने जमीनी विवाद की वजह से वारदात को अंजाम दिया। घटना मंगलवार दोपहर की है। जयराम अहिरवार अपनी पत्नी शीला के साथ अपने खेत में तार फेंसिंग लगा रहे थे। इसी दौरान जयराम का छोटा भाई हरदयाल और उसके परिवार की महिलाएं वहां पहुंच गईं। जमीनी विवाद को लेकर उन्होंने तार फेंसिंग का विरोध किया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर कपूरी, सुनीता, भगवती और विमला अहिरवार ने शीला को पकड़कर कुएं में धकेल दिया। घटना के समय हीरालाल, संतोष, राजाराम और अनीस अहिरवार भी मौके पर मौजूद थे। जयराम और उनके परिजनों ने तत्काल साड़ी की मदद से शीला को कुएं से बाहर निकाला। गंभीर हालत में शीला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साड़ी को रस्सी बनाकर महिला को कुएं से बाहर निकाला गया। परिजनों ने घटना की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी। पुलिस जिला अस्पताल पहुंचकर पीड़िता के बयान दर्ज कर रही है और मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार यह विवाद पहले से चल रहा थाए जो आज हिंसक रूप ले लिया।

स्कूल में फर्जी तरीके से संचालन हो रहा आवासीय विद्यालय, विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

पलेरा, देशबन्धु। तहसील क्षेत्र में बिना मान्यता के आवासीय विद्यालय गली मोहल्लों में बेधड़क चल रहे हैं, लेकिन निजी संचालकों ने ग्रामीणों क्षेत्रों में आवासीय विद्यालय का दीवारों पर प्रचार प्रसार लिखा हुआ है। लेकिन अवैध आवासीय विद्यालयों में मामले सामने आने के बावजूद शिक्षा विभाग के जिम्मेवार आला अफसरों के संरक्षण में दर्जनों स्कूल बिना मान्यता के आवासीय विद्यालयों का संचालन बेधड़क चला रहे है। जिसमें निजी विद्यालयों को अध्ययनरत के लिए मान्यता में अवैध आवासीय विद्यालयों का संचालन कर रहे है, जैसे कि पलेरा में नौगांव रोड पर स्थित उसने पब्लिक हाई सेकेंडरी स्कूल व लिटिल फ्लॉवर स्कूल आदि अध्ययनरत विद्यालयों में बिना मान्यता के आवासीय विद्यालय धड़ल्ले से चल रहे हैं। किसी भी विद्यालय के पास अध्ययनरत छात्रों के ठहरने की मान्यता नहीं है। अब तक शिक्षा विभाग अधिकारियों ने इनकी सुध नहीं ले रहा है।

पलेरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम फूलपुर का भटगोरा गांव में अवैध आवासीय पुष्पा कोचिंग सेंटर में छात्रों से दुष्कर्म मामले में 11 जून 2023 को नजदीक थाना खरगापुर में परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बिना रजिस्ट्रेशन और परमिशन के बिना अवैध आवासीय कोचिंग सेंटर संचालन में पलेरा जनशिक्षा केंद्र में पदस्थ जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारियों की लापरवाही बरतने पर डेढ़ साल पहले शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा अवैध रुप से संचालित आवासीय पुष्पा कोचिंग सेन्टर का मामला उजागर होने पर दो सदस्यीय जांच दल गठित किया था। पलेरा बीईओ आरके जैन और बल्देवगढ़ बीईओ एमके अहिरवार को जांच के निर्देश दिए थे। अवैध रूप से संचालित आवासीय विद्यालय की जांच के निर्देश होने के बावजूद भी दो सदस्यीय जांच दल ने मामले की न जांच न ही कार्रवाई की। ऐसे में अवैध आवासीय स्कूल संचालकों को शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अफसरों का खुला संरक्षण नजर आ रहा है जो जांच का विषय है। वही ओसोनिक हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक के द्वारा धड़ल्ले से अवैध रूप से आवासीय विद्यालय का संचालन किया जा रहा है और जमकर अवैध कमाई की जा रही है वहीं छात्रों के भविष्य के साथ भी पैसों के चक्कर में खिलवाड़ किया जा रहा है। पूर्व में कल्पना हायर सेकेंडरी स्कूल की मान्यता भी निरस्त जेडी सागर के द्वारा की गई है, लेकिन ऊक्त स्कूल के द्वारा कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। वहीं मान्यता निरस्त होने के बाद स्कूल में अध्यनरत छात्राओं का भविष्य अब संकट में है। वहीं लापरवाह है शिक्षा अधिकारी आरके जैन निरंतर लापरवाही वरत रहे हैं और अवैध रूप से आवासीय विद्यालय संचालित होने के वाद भी इन पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही आरके जैन के द्वारा नहीं की जाती है।

एक को गिरफ्तार कर कोर्ट में किया पेश, दो की तलाश जारी

नीलगाय का शिकार करने वाले तीन शिकारियों पर झापन रेंज में मामला दर्ज

दमोह/तेंदूखेड़ा देशबन्धु। मंगलवार को नौरादेही की झापन रेंज का स्टॉफ एक युवक को तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आया जहां उसका मुलायजा कराया गया और उसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। पकड़ा युवक वन प्राणी मामले का आरोपी है जिसने अपने दो साथियों के साथ एक जंगली जानवर का शिकार किया। वन विभाग की टीम ने उस जानवर के कुछ अवशेष भी आरोपियों के घरों से जब्त किए है। साथ ही वह हथियार भी बरामद किए हैं जिनके सहारे आरोपियों ने उस जानवर का शिकार किया था।

झापन रेंजर के कूदपूरा बीट के आर एफ 274 में दो फरवरी की रात तीन लोगों ने नील गाय का शिकार कुल्हाड़ी से किया था। जिसके बाद नीलगाय को मारने के बाद सभी ने उसके मांस को आपस में वितरण कर लिया था। जिसकी सूचना मुखबिर से रेंजर नीरज बिशेन को मिली। रेंजर ने मामले से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया उसके बाद आरोपियों को पकड़ने की कार्यवाही शुरू की मगर दो आरोपियों को जानकारी लग गई और वह फरार हो गए। जबकि तीसरा आरोपी गोलू पिता राजू आदिवासी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद आरोपी गोलू ने अपने साथी कदौरी पिता लालजू आदिवासी, रज्जू पिता मंगल आदिवासी के साथ शिकार किया था। उसके साथियों के घर से नीलगाय के अवशेष और कुल्हाड़ी बरामद हुई है । गोलू को गिरफ्तार करके तेंदूखेड़ा कोर्ट में पेश किया जा रहा है जबकि दो अन्य आरोपी जिनमें करोदी पिता लालजू आदिवासी और रज्जू पिता मंगल आदिवासी सनाई निवासी फरार है जिनकी तलाश वन आमला कर रहा है ।

कार्यवाही के दौरान झापन रेजर नीरज बिशन डिप्टी रेजर दयाराम अहिरवाल, बीटगार्ड पीयूष त्रिवेदी, बीटगार्ड सुजीत सैनी, जगराम प्रजापति, जितेंद्र गुज्जर, अनूप शुक्ला मौजूद रहे ।

मगरई जलाशय में अवैध कब्जा कर कृषि करने का आरोप,सौंपा ज्ञापन

दमोह देशबन्धु। जिले के जबेरा तहसील के ग्राम मगरई जलाशय में भू माफियाओं ने अवैध कब्जा कर खेती शुरू कर दी है। उस जलाशय से तीन-चार गांव के मवेशियों को पानी पीने की सुविधा बंद हो गई है। इस बात की जानकारी जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह को प्राप्त हुई तो अपनी टीम के सहित जाकर जलाशय का निरीक्षण किया एवं तहसीलदार सोनम पांडे को उसके बारे में जानकारी दी। जिस पर उन्होंने कहा मैं दिखवाती हूं । भारतीय शक्ति चेतना पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंह जी ने भी इस पर अपनी चिंता व्यक्त की और प्रशासन से इस पर कार्यवाही करने को कहा। इसी बात को लेकर आज भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता ग्राम वासियों सहित कलेक्टर महोदय के यहां पहुंचे और अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया।

पीएमयूएम शिक्षक संघ ने किया रक्तदान

दमोह देशबन्धु। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर पीएमयूएम शिक्षक संघ दमोह ने शासकीय हॉस्पिटल जाकर अजय रोहित, नीतेश ओमप्रकाश नामदेव, लीतेश पटवारी, बीसी जैन ने रक्तदान किया साथ मे कैलाश असाटी, मोहन ठाकुर, मयंक सोनी एवं पीएमयूएम शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष पवन खरे उपस्थित रहे।

संत श्री आशारामजी बापू के शिष्यों की वाहन रैली निकली

दमोह देशबन्धु। दमोह के संत आसाराम जी बापू आश्रम से एक विशाल वाहन रैली का आयोजन हुआ। जिसका उद्देश्य 14 फरवरी वैलेंटाइन डे के स्थान पर मातृ पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाया जाए । ऐसा संदेश देते हुए वाहन रैली शहर के मुख्य स्थान से होते हुए पुन: हटा नाका स्थित संत आसाराम बापू आश्रम में समाप्त हुई । इस वर्ष सामूहिक रूप से मातृ पितृ पूजन दिवस का कार्यक्रम हटा रोड़ पर स्थित संत श्री आशारामजी आश्रम में 14 फरवरी को दोपहर 12 बजे से सांस्कृतिक प्रस्तुति, प्रेरणादायी नाटिकाएं, सामूहिक माता-पिता पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी नगर वासियों से हम आग्रह करते हैं कि वह आएं एवं इस दिव्य कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दे। वाहन रैली में मुख्य रूप से श्रीयॉग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष भरत कुंदनानी, युवा सेवा संघ के अध्यक्ष पंकज वासवानी एवं महिला समिति की अध्यक्ष कविता एवं सैकड़ो की तादात में लोग उपस्थित रहे ।

बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के प्रयोग का आरोप

दमोह/पथरिया देशबन्धु। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सब स्टेशन बासाकलां में सहायक अभियंता कार्यालय के पास पुराने कमरों में मरम्मत कार्य व कार्यालय के चहुंओर बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें संबंधित ठेकेदार द्वारा रेत की जगह डस्ट का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही जो ईंट उपयोग की जा रही है वह गुणवत्ता विहीन है। लेकिन विभागीय अधिकारियों व उपयंत्री द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। संबंधित ठेकेदार द्वारा उक्त बाउंड्री वॉल निमार्ण कार्य में गुणवत्ता हीन घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा था जिसकी विभाग के अधिकारी को जानकारी दी गई लेकिन उनके द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई। विभाग के लाखों रुपए खर्च हो गए और घटिया सामग्री लगा दी गई। वहीं उक्त निर्माण कार्य के संबंध में सहायक अभियंता पाण्डे से बात और घटिया सामग्री की बात कही तो उनके द्वारा डस्ट की बात पर कहा कि रेत लगाई जा रही जबकि हकीकत में डस्ट लगाई जा रही है। जो ठेकेदार ने पहले डस्ट लगा दी है उस पर कोई जबाब नहीं दिया।

डॉ0 मनीषा दुबे को हिन्दी सेवी सम्मान से किया गया सम्मानित

दमोह देशबन्धु। डॉ. मनीषा दुबे को हिंदी महाकुंभ 2025 हिन्दी सेवी सम्मान से सम्मानित किया गया। अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेई हिन्दी संस्थान व प्रेरणा श्रोत, प्रेरणा हिन्दी प्रचारिणी सभा डॉ धर्मप्रकाश वाजपेई द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजक प्रेरणा हिन्दी प्रचारिणी सभा संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी के द्वारा जबलपुर संस्कारधानी में यह कार्यक्रम रानी दुर्गावती संग्रहालय कलावीथिका में आयोजित किया गया था। 16 राज्यों के लगभग 160 कवि कवियित्रियों ने हिंदी पर केंद्रित एक से बढ़कर एक रचनाएं जो राष्ट्र भाषा बनाने के समर्थन में रची पढ़ी गई। सम्मान प्राप्त होने पर डॉ मनीषा दुबे को सभी सहायक प्राध्यापकों, गणमान्य नागरिकों, गायत्री परिजनों ने अपनी शुभकामनाएं और बधाई दी ।

पड़रिया थोबन में नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन संपन्न

दमोह देशबन्धु। पशु चिकित्सालय जबेरा में पदस्थ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज चौबे के विशेष प्रयासों के माध्यम से स्मार्ट गांव पड़रिया थोबन में पशु चिकित्सालय जबेरा के द्वारा नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें गांव के बीमार पशुओं का नि:शुल्क उपचार किया गया। साथ ही ग्रामीणों को पशुपालन से संबंधित सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। पशु चिकित्सा शिविर में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज चौबे, डॉ. प्रियांशु भारद्वाज, ए.व्ही.एफओ. राशि असाटी, गौसेवक संदीप कुमार एवं परिचालक हरिनारायण दुबे ने सहभागिता की। इस अवसर पर गांव के पशुपालक लक्ष्मी पटेल, प्रहलाद बर्मन, बैजंती पटेल, सविता बाजपेयी, कमलेश ठाकुर, संतोष बाजपेयी एवं गणेश बाजपेयी ने अपने पशुओं का उपचार करवाया साथ ही उपसरपंच अंशुल बाजपेयी, विनोद बाजपेयी, अजय एवं मुकेश बर्मन भी उपस्थित रहे।

विकास के नाम पर बढ़ रही समस्या

सांची,देशबन्धु। कहने को तो इस पर्यटन स्थल पर विकास के बड़े बड़े दावे हो रहे हैं तथा लाखों करोड़ों रुपए के विकास की चर्चा भी जोरों पर सुनाई दे रही है परंतु इन विकास के नाम पर लोगों को समस्या से जूझना पड़ रहा है । शासन की लाखों करोड़ों रुपए की राशि विकास की भेट चढ़ रही हैं इसी कड़ी मे इस स्थल पर घर घर पेयजलापूर्ति अंतर्गत पाइप लाइन जगह जगह नगर की पक्की सड़कों को खोदकर बिछाने की कवायद चल रही है जबकि इस स्थल की सड़कों का कायाकल्प राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा करोड़ों की लागत से किया गया था। तब लोगों को इस नगर में जर्जर हालत की सड़कों से छुटकारा मिल गया था परंतु नलजल योजना अंतर्गत निर्माणाधीन कंपनी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़कों को जगह जगह खोदकर ध्वस्त कर दिया गया। सडंकों पर बीचोबीच बनाये गए पाइप लाइन पाइंट को बार बार खोदने का काम थमने का नाम नहीं ले रहा है जिससे लगातार आवागमन तो बाधित हो ही रहा है बल्कि पैदल चलने वाले लोगों को भी खासी परेशानी उठानी पड़ रही हैं बार बार गहरे गड्ढे खोदकर कई कई दिन छोड़ दिये जाते है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

खुलेआम शहरी नक्सलियों की.... में नवाचार और रचनात्मकता को और बढ़ाने के लिए 50,000 नई टिंकरिंग लैब का प्रावधान किया गया है। मोदी ने कहा कि हम युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखकर लगातार काम कर रहे हैं। लेकिन कुछ पार्टियां ऐसी हैं, जो युवाओं को धोखा दे रही हैं। वे चुनाव के समय भत्ते का वादा करते हैं, लेकिन उन वादों को पूरा नहीं करते। ये पार्टियां युवाओं के भविष्य पर आपदा डाल रही हैं। हरियाणा में देश ने देखा है कि हम कैसे काम करते हैं। हमने नौकरियों का वादा किया और सरकार बनते ही युवाओं को नौकरियां मिलीं। हमने जो किया, उसका परिणाम है कि हमने तीसरी बार हरियाणा में शानदार जीत दर्ज की।

महाराष्ट्र में भी हमें ऐतिहासिक नतीजे मिले और लोगों के आशीर्वाद से हम चुनाव जीतने में कामयाब रहे। मोदी ने आगे कहा कि आज जब मैं पिछले दस वर्षों में पीछे मुड़कर स्थिति को करीब से देखता हूं, तो मुझे गहरी पीड़ा होती है। जो काम दशकों पहले हो जाना चाहिए था, उसे करने में हम 40-50 साल देर कर चुके हैं। जब लोगों ने हमें सेवा करने का मौका दिया, हमने युवा आकांक्षाओं, अधिक अवसर पैदा करने और कई क्षेत्रों को खोलने पर ध्यान केंद्रित किया। परिणामस्वरूप भारत के युवा अब वैश्विक मंच पर अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि 21वीं सदी पूरी तरह टेक्नोलॉजी ड्रिवेन सेंचुरी है, ऐसे में इस क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ना जरूरी है। हम लगातार युवा भविष्य को ध्यान में रखते हुए काम कर रहे हैं। कुछ दल हैं जो लगातार युवाओं को धोखा दे रहे हैं। ये दल चुनाव के समय ये भत्ता देंगे, वो भत्ता देंगे वादे करते हैं, पूरा नहीं करते। मोदी के इस हमले पर विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस पर स्पीकर ने गरिमा प्रतिष्ठा बनाए रखने की अपील की और कहा कि बैठे बैठे टिप्पणी न करें। पीएम ने आगे कहा कि ये दल युवाओं के भविष्य पर आपदा बनकर गिरे हुए हैं। हम कैसे काम करते हैं, ये हरियाणा में देश ने देखा है, बिना खर्ची, बिना पर्ची नौकरी देने का वादा किया था, सरकार बनते ही युवाओं को नौकरी मिल गई। हम जो कहते हैं, उसी का परिणाम है हरियाणा में तीसरी बार भव्य विजय. हरियाणा में इतिहास में तीसरी बार विजय ऐतिहासिक घटना है,महाराष्ट्र में भी ऐतिहासिक परिणाम, इतिहास में सत्ता पक्ष के पास इतनी सीटें पहली बार हम जनता के आशीर्वाद से कर के आए हैं।

जापान यात्रा में उम्मीदों से.... मुख्य रूप से चार बिंदुओं पर केंद्रित है। युवा, गरीब, किसान और महिला इन चार बिंदुओं पर हम पहले से ही काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बजट में रेलवे सेक्टर मध्यप्रदेश को कई सौगातें मिली हैं। औद्योगिक विस्तारीकरण के लिये हमें एक नई लाइन की खोज पर ध्यान देना होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 11 जनवरी 2024 से 26 जनवरी 2025 तक संचालित जनकल्याण अभियान में प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण के जो परिणाम प्राप्त हुए हैं, वह उत्साह जनक हैं। अभियान में प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों एवं वार्ड में कुल 30 हजार 716 शिविरों में 42.96 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 41.71 लाख आवेदन स्वीकृत किये जा चुके हैं। आयुष्मान भारत योजना के सर्वाधिक 9.91 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं, इनमें से 9.81 लाख स्वीकृत किये गये।

सर्वाधिक आवेदनों में 8.64 लाख आवेदन चालू खसरा/खतौनी, 3.24 लाख चालू नक्शा की प्रतिलिपियों, 2.7 लाख नो डयूज प्रमाण-पत्र, 2.2 लाख निर्माण श्रमिक पंजीयन और 1.27 लाख आवेदन नक्शा शुद्धिकरण के लिये स्वीकृत हुये हैं। भोपाल में सर्वाधिक आवेदन2.40 लाख, छिंदवाड़ा 2.18 लाख, उज्जैन 2.13, इन्दौर 1.20 और मुरैना 1.19 लाख प्राप्त हुए। हमें इस दिशा में और काम करना होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर के कारण राजस्व अधिकारी जुडिशरी में व्यस्तता और राजस्व के रोजमर्रा कार्यों के बीच संतुलन रखने में कठिन महसूस करते हैं, इस पर विचार किया जाना है। कुछ राजस्व अधिकारियों को कलेक्टर के साथ लॉ एंड ऑर्डर के लिए और कुछ अधिकारियों को राजस्व के काम के लिए के लिए सुरक्षित रखा जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान योजना के अंतर्गत 99त्न आवेदन स्वीकृत करने को बड़ी उपलब्धि बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऊर्जा के क्षेत्र में सोलर एनर्जी के शहरी और कृषि पंप के नए कनेक्शन की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि 3 साल में ही लक्ष्य पूरा करना होगा।

जनसुनवाई में 215 आवेदनों पर हुई सुनवाई

दमोह देशबन्धु। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गए निर्देशों के तहत जिले भर से आये नागरिकों की जनसुनवाई में समस्याएं अपर कलेक्टर मीना मसराम ने सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 215 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 27 आधार कार्ड अपडेशन, 01 आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवेदन प्राप्त हुए एवं 141 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही 02 आवेदकों ने प्रसूति सहायता सबंधी आवेदन प्रस्तुत किया।

इस दौरान संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

हज पर जाने वाले 18 फरवरी तक जमा करवाएं पासपोर्ट

आष्टा, देशबन्धु। मध्यप्रदेश राज्य हज कमेटी अध्यक्ष रफत वारसी ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया से इस बाबत सूचना आई है। इस आधार पर प्रदेश के सभी चयनित हाजियो को एसएमएस और टेलीफोन पर सूचना भेज दी गई। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज 2025 के चयनित हाजियो को पासपोर्ट की मूलप्रति जमा कराने की हिदायत दी। 18 फरवरी तक जमा किए जाने वाले पासपोर्ट की स्वच्छ कॉपी होना चाहिए। जिनके पास वैध पासपोर्ट उपलब्ध न हो। उन्हे आवेदको को नया पासपोर्ट बनवाकर समयावधि में जमा कराने के लिए कहा गया है। मप्र राज्य हज कमेटी अध्यक्ष रफत वारसी ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया से इस बाबत सूचना आई है।

हाई स्कूल वार्षिकोत्सवः सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीत और नृत्य प्रस्तुत

दमोह देशबन्धु। शासकीय हाई स्कूल बरधारी में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती और मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। प्राचार्य के द्वारा उपस्थित छात्र छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित किया गया। इसके उपरांत विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। नृत्य प्रतियोगिता में रुचि कुर्मी ने प्रथम स्थान और इमरती ने द्वितीय स्थान और मोनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद खेल गतिविधियों में कुर्सी दौड़,रस्साकशी, वॉलीबॉल, कबड्डी, रस्सी कूद, नींबू रेस आदि गतिविधियों में बालक बालिकाओं ने सहभागिता की। जिसके परिणाम में कुर्सी दौड़ में शारदा कुर्मी और संजय अहिरवार विजय रहे। रस्साकशी में कक्षा 9 वी के लड़के और दसवीं की लड़कियो ने बाजी मारी और वॉलीबॉल में 10वी के लड़के और कबड्डी में नवमी के लड़के और लड़कियों ने जीत दर्ज कराई । नींबू रेस में लक्ष्मी रैकवार रैकवार ने प्रथम स्थान और स्लो साइकिल में अक्षय कुर्मी ने प्रथम स्थान रस्सी कूद में लड़कियों में प्राची और सुमन ने प्रथम स्थान और लड़कों में नैतिक और अनिकेत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही विद्यालय की वर्ष भर में की गई विभिन्न गतिविधियों में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त विद्यार्थियों को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया और विद्यालय के पूर्व छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। अंत में सभी विद्यार्थियों और अतिथियों को स्वल्पाहार कराकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्राचार्य एमएल जैन, शिक्षक सुरेश कुमार मुड़ा, डालचंद असाटी, आरके दुबे, दशरथ पटेल, रिचा सोनी, राजेशअहिरवार, हेमेंद्र असाटी और पालकों में ब्रजेश कुर्मी, प्रेमलाल पटेल, सोनू पटेल, खिलान सेन के साथ छात्र छात्राओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थित रही।

नपाध्यक्ष ने किया राशन दुकान पर बैंकिंग सुविधा केन्द्र का शुभारंभ

सीहोर, देशबन्धु। नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया राशन दुकान पर डाक विभाग के पूर्ण स्वामित्व वाले बैंक, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक आईपीपीबी की बैंकिंग सुविधा केंद्र का शुभारंभ किया। शासकीय उचित मूल्य दुकानों को बहु उद्देशीय बनाने की दिशा में शासन कार्य कर रहा है, इसी कड़ी में मंगलवार को शहर के गंज क्षेत्र की राशन दुकान वार्ड क्रमांक 15,16,17 पर नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर के मुख्य आतिथ्य, जिला आपूर्ति अधिकारी एस के बोहित के विशेष आतिथ्य व आईपीपीबी बैंक जिला शाखा प्रबंधक विकास कृपलानी की अध्यक्षता में अधिकृत बैंकिंग सुविधा केंद्र का शुभारंभ फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर सुविधा केन्द्र संचालक नितिन राठौर ने अतिथियों को केंद्र का भ्रमण कराते हुए पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर आईपीपीबी, जिला शाखा प्रबंधक विकास कृपलानी ने बैंक द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं जैसे समस्त प्रकार के लोन, बीमा, बचत खाते आदि को विस्तार से बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष राठौर ने नागरिकों से शासन की महत्वपूर्ण योजना का लाभ लेने की अपील की। शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में उचित मूल्य दुकान हितग्राही वा अन्य नागरिक गण मौजूद थे।

जवाहर नवोदय विद्यालय की 9वीं और 11वीं के लिए चयन परीक्षा 8 को

बाड़ी, देशबन्धु। सीबीएसई शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय लेटरल एंट्री चयन परीक्षा 2025 कक्षा 9वीं एवं 11वीं के आयोजन के लिए रायसेन जिले में पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बाड़ी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमे दोनों कक्षाओं के लिए 618 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा 8 फ़रवरी को प्रात:11 बजे से दोपहर 2 बजे आयोजित की जाएगी। प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने बताया की परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की गई है। परीक्षार्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। प्रवेश पत्र पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक देख ले और परीक्षा समय से लगभग 1 घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हो। साथ में कोई फोटोयुक्त शासकीय परिचय पत्र लेकर आए।

कलेक्टर ने आधी रात को किया मालथौन के विकास कार्यों का निरीक्षण

ग्राम रोड़ा में रात्रि चौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

मालथौन, देशबन्धु। कलेक्टर संदीप जीआर ने सोमवार रात मालथौन विकासखंड के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने ग्राम रोड़ा में रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्यायें सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, एसडीएम मुनव्वर खान, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कलेक्टर ने चौपाल में मौजूद ग्रामीणों, महिलाओं, वरिष्ठजनों और छात्रों से संवाद किया। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें। आंगनबाड़ी केंद्रों में पौष्टिक आहार वितरण की समीक्षा करते हुये उन्होंने निर्देश दिये कि प्रतिदिन गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाये। कलेक्टर ने ग्रामीण महिलाओं से कहा कि वे अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक रहें और गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर जांच एवं टीकाकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीणों से संपर्क ग्रुप बनाकर व्हाट्सएप पर समस्यायें साझा करने की अपील की, ताकि उनका त्वरित निराकरण किया जा सके। रात्रि चौपाल के दौरान छात्राओं ने कलेक्टर से हाई सेकेंडरी स्कूल में गणित एवं विज्ञान विषय प्रारंभ करने की मांग की, जिसे उन्होंने अगले सत्र से शुरू करने का आश्वासन दिया। विद्यालय भवन में कक्षाओं की कमी को देखते हुये उन्होंने शीघ्र ही नये भवन की स्वीकृति दिलाने की बात कही। कलेक्टर ने राजस्व महाअभियान के तहत ग्रामीणों को नामांतरण, बंटवारा, फौती आदि कार्यों का लाभ लेने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन लोगों की फौती दर्ज नहीं हुई है, उनकी प्रविष्टि 7 दिनों के भीतर पूर्ण की जाये। ग्रामीणों से नशा मुक्त समाज बनाने का आह्वान किया और महिलाओं से अनुरोध किया कि वे अपने घरों में किसी को भी गुटखा, तंबाकू, बीड़ी-सिगरेट आदि का सेवन न करने दें। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आंगनबाड़ी केंद्रों में 20 मुनगा सहजन के पौधे लगाने के लिए कहा। कलेक्टर ने ग्राम रोड़ा की प्राथमिक माध्यमिक शाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में स्मार्ट टीवी के माध्यम से पढ़ाई की समीक्षा की और शिक्षकों की सराहना की। साथ ही विद्यालय में बालिका शौचालय और नया किचन शेड निर्माण के लिये निर्देशित किया। ग्राम रोड़ा में 16 बिस्तरों वाले नवनिर्मित अस्पताल भवन का निरीक्षण किया और इसे शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अस्पताल में डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के आदेश दिये। उन्होंने कहा कि 10 दिनों के भीतर भवन में शेष सभी कार्य पूरे किये जायें। कलेक्टर ने देर रात मालथौन में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने किला देवी मंदिर परिसर की बावड़ियों को स्वच्छ और संरक्षित करने के निर्देश दिये। इसके अलावा मालथौन में निर्माणाधीन पुस्तकालय और जिम का भी निरीक्षण किया और कहा कि इनका जल्द शुभारंभ किया जाये, ताकि स्थानीय नागरिकों को इसका लाभ मिल सके। कलेक्टर ने ग्रामीणों से अपील की कि वे गांव में तालाबों और नदियों की डिसिल्टिंग गाद निकालने का कार्य करें और इसे अपने खेतों में उपयोग करें, ताकि जल संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। कलेक्टर के इस औचक निरीक्षण और रात्रि चौपाल से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिये तत्पर है।

समाजसेवियों ने जमा किए 1 लाख 12 हजार सौंपे, बेटी की शिक्षा में सहयोग करेगा निगम

सागर, देशबन्धु। दो दिन पहले कृष्णगंज वार्ड निवासी पिता-पुत्र की बस दुर्घटना में मौत हो गई। मंगलवार को महापौर संगीता तिवारी मृतक के घर पहुंची। जहां वे मृतक की मां और पत्नी से मिलीं और सांत्वना दी। इस दौरान महापौर ने स्वयं और शहर के विभिन्न समाजसेवियों द्वारा इकट्ठा की गई 1 लाख 12 हजार रुपये की सहायता राशि परिवार को सौंपी। महापौर तिवारी ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरे शहर की संवेदना है और सभी आपके साथ है। शहर के विभिन्न समाजसेवियों द्वारा संवेदना व्यक्त करते हुये यह सहायता राशि प्रदान की है। उन्होंने कहा कि यह अंतिम सहायता राशि नहीं है। नगर निगम द्वारा संचालित शासन की योजनाओं, जिनमें लाड़ली लक्ष्मी योजना, कल्याणी पेंशन योजना, संबल योजना का लाभ भी जल्द दिलाया जायेगा। महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी ने कहा कि मृतक भगवानदास उर्फबल्लू यादव जो पुट्टी व पुताई का कार्य करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे, बस दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो जाने से उनके परिवार पर रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। नगर निगम इस दुख की घड़ी में उनके साथ है। 15 दिन के भीतर शासन की योजनाओं का लाभ परिवार को दिलाया जायेगा। भविष्य में बेटी की शिक्षा के समय भी सहयोग करेंगे।

रात्रि जनचौपाल में तहसीलदार की एक वेतन वृद्धि रोकी, पटवारी को किया निलंबित

सागर, देशबन्धु। कलेक्टर संदीप जीआर के द्वारा मालथौन विकासखंड के ग्राम रोड़ा में रात्रि जनचौपाल का आयोजन किया गया था जहां जन चौपाल के दौरान ग्राम वासियों द्वारा बताया गया कि फौती, नामांतरण, सीमांकन में देरी की जा रही है जिस पर कलेक्टर के द्वारा अप्रसंन्नता व्यक्त की गई थी। उन्होंने तत्काल प्रभाव से नायब तहसीलदार की एक वेतन वृद्धि रोकने एवं पटवारी को तत्काल रूप से निलंबित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय ने नायब तहसीलदार कमलेश सतनामी की एक वेतन वृद्धि रोकने एवं पटवारी योगेन्द्र कुशवाहा को निलंबित करने के आदेश जारी किये।

6 दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम के द्वितीय सत्र की हुई शुरुआत

सागर, देशबन्धु। आर्ट ऑफ लिविंग का छह दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम के द्वितीय सत्र की शुरुआत मैजेस्टिक प्लाजा में हुई। यह प्रोग्राम 4 से 10 फरवरी प्रात: 6.30 से 9 बजे तक होगा। हैप्पीनेस प्रोग्राम की जानकारी देते हुए आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक कपिल मलैया ने बताया कि हैप्पीनेस प्रोग्राम में सुदर्शन क्रिया, प्राणायाम, ध्यान करवाया जाता है। मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए तनाव से मुक्ति, जीवन जीने के सरल उपाय, मन में उपजे अंतर्द्वंद को शांत करने, मन को जानने के लिए, प्रवृत्तियों को जानने में हैप्पीनेस प्रोग्राम से मदद मिलती हैं। सभी को हैप्पीनेस प्रोग्राम का हिस्सा बनना चाहिये। शिक्षक प्रवीण धुरिया ने कहा कि कई बार हम अपने जीवन में तनाव से होने वाले प्रभाव से अपरिचित रहते हैं। प्राय: हमारा मन भूतकाल को लेकर क्रोध, पश्चाताप या भविष्य को लेकर चिंतित रहता है। मन के इस व्यवहार के कारण हमारे और हमारे आस पास के लोगों पर दुष्प्रभाव तो पड़ता ही है, साथ ही हमारी कार्यकुशलता भी प्रभावित होती है। हम सभी को ज्ञान ही नहीं होता कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है इन सभी समस्याओं का उपाय मात्र ध्यान और योग ही है। हैप्पीनेस प्रोग्राम के प्रतिभागियों में उत्सव तिवारी, माधव यादव, आकाश गंधर्व, मु. फईम, अंशुल सोनी, ऋषभ ठाकुर, वसीम, मंजूर, नीति सरावगी, गुलजार, प्रभात चौबे, सूरज, हर्षित, प्रतीक, कृष्णा, नीरज, गोपाल, अजय, शुभम आदि उपस्थित रहे।

जिले में सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का व्यापक स्तर पर हुआ आयोजन

सागर, देशबन्धु। जिले मे विशेष अभियान सेफ क्लिक व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है जिसमें पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में डॉ. संजीव कुमार उइके, अति. पुलिस अधीक्षक बीना एवं अति. पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश सिन्हा के मार्गदर्शन में जिले में शहर एवं ग्रामीणजनों को थाना स्तर पर कार्ययोजना अनुसार स्कूल, कॉलेज आदि शैक्षणिक संस्थानों व अन्य सार्वजनिक व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सायबर अपराधों एवं इससे सुरक्षा के प्रति जागरुक किया जा रहा है। इसी क्रम में 4 फरवरी को अभियान में व्यापक प्रचार प्रसार हेतु विभिन्न थानो के माध्यम से कुल 21 कार्यक्रम आयोजित किये गये एवं 5350 लोगो को जागरुक किया गया। सोशल मीडिया की सुरक्षा, पहचान सुरक्षा और इंटरनेट गोपनीयता के बारे में स्कूल कॉलेज, सामुदायिक केंद्र, पंचायत भवन, मेलो मे जाकर लोगो को जागरूक किया। सर्वजनिक स्थानो पर लगी एलईडी टीवी के माध्यम से आम लोगो को जागरूक करने हेतु जागरूकता संबंधी वीडियों चलाये गये। कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार आमजन को अवगत कराया जा रहा है कि किसी के साथ जब भी कोई साइबर फ्रॉड की घटना होती है, तो तत्काल इसकी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराये। इस दौरान लोगों को साइबर जागरूकता संबंधी पोस्टर पंपलेट वितरित कर साइबर अपराधों से बचने के लिये आवश्यक सावधानी बरतने की सामझाईश दी गई। अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नगरिकों एवं स्थानीय संस्थाओं का भी लगातार सहयोग मिल रहा है तथा अभियान को सफलतापूर्वक संचालन करने में भी सहायता प्राप्त हो रही है।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत क्षमता वर्धन कार्यशाला आयोजित हुई

सागर, देशबन्धु। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत निगमायुक्त राजकुमार खत्री की उपस्थिति में क्षमता वर्धन कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें निगमायुक्त द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की नवीन टूल किट में बताये गये विभिन्न घटकों अनुसार सागर नगर निगम सीमा क्षेत्र के सभी वार्डो में स्वच्छता के कार्य कराकर किस प्रकार अधिकतम अंक प्राप्त कर सकते है, इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विषय विशेषज्ञों के द्वारा भी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के विभिन्न तकनीकी घटकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। स्वच्छता के प्रमुख घटक जिनमें 10 हजार अंक निर्धारित किये गये है जिनमें स्वच्छता, अपषिष्ट का पृथक्ककरण, संग्रहण एवं परिवहन, ठोस अपषिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता तक पहुंच, उपयोगित जल प्रबंधन, डीस्लजिंग सेवाओं का मशीनीकरण, स्वच्छता के लिये एडवोकेसी, पारिस्थिकीय तंत्र सुदृढ़ीकरण और संस्थागत संकेतक, सफाई कर्मचारियों का समग्र कल्याण, नागरिक प्रतिक्रिया एवं शिकायत निवारण। इसके अलावा सर्टिफिकेशन घटक वॉटर प्लस एवं जीएफसी में 2 हजार 5 सौ अंक निर्धारित किये गये है। कार्यशाला में स्वचछता अधिकारी राजेश सिंह राजपूत, सहायक स्वच्छता अधिकारी, सभी जोन से स्वच्छता निरीक्षक एवं सभी वार्डो के दरोगा उपस्थित थे।

जन जागरण अभियान के तहत मकरोनिया में हुआ भारत माता की आरती का आयोजन

सागर, देशबन्धु। सनातन सद्भावना संगठन सागर द्वारा मकरोनिया चौराहा भारत माता मूर्ति सेल्फी प्वाइंट के समीप सोमवार रात्रि 7.30 बजे आयोजित भारत माता की आरती का आयोजन हुआ। आयोजन में दीप प्रज्वलित कर बड़ी संख्या में उपस्थित प्रबुद्धजनों ने भारत मां की आरती उतारी। कार्यक्रम स्थल भारत माता की जयघोष से अनुगुंजित हो गया। सनातन सद्भावना संगठन के द्वारा सनातन बोर्ड की स्थापना के लिये प्रधानमंत्री को प्रेषित किये जाने वाले आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर अभियान के रूप में बसंत पंचमी के पावन दिवस पर कार्यक्रम के माध्यम से शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि भारत माता की आरती राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों को निभाने और समाज में शांति, सद्भाव और विकास के लिये प्रेरित करती है। इसके माध्यम से व्यक्ति में मातृभूमि के प्रति सेवा और सम्मान की भावना प्रबल होती है। उन्होंने सेनानियों और शहीदों के बलिदान का स्मरण कराते हुये आग्रह किया कि हम सभी लोग अधिकाधिक संख्या में गांव नगर पहुंच कर जन जागरण अभियान में सम्मिलित होकर लोगों को राष्ट्र के प्रति एकजुट करें।

भारत माता के प्रति जागरूक करें। इस भावना को जन अभियान का रूप दें। उन्होंने भारत माता की आरती कार्यक्रम के माध्यम से जन जागरण अभियान को निरंतर जारी रखने प्रतिमाह आयोजन का आह्वान किया। उपस्थित बुद्धिजीवियों ने इस अभियान को निरंतर जारी रखने की सहर्ष सहमति व्यक्त की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, बुद्धिजीवी, नपाध्यक्ष, पार्षद, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिला मोर्चा की मातृशक्ति सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित हुये।

जनसुनवाई में हुई 153 आवेदनों पर कार्यवाही

सागर, देशबन्धु। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में मंगलवार को 153 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिये। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग, डिप्टी कलेक्टर विजय डेहरिया सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

जिला प्रशासन ने यात्री बसों की चेकिंग कर 15 यात्री बसों पर जुर्माने की कार्यवाही, एक बस को किया जब्त

सागर, देशबन्धु। कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशानुसार सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग, आरटीओ सुनील शुक्ला, डीएसपी ट्रैफिक मयंक सिंह द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालनार्थ बसों में सुरक्षा-सुविधाओं एवं लाइसेंस संबंधी जांच की गई। इस अवसर पर तहसीलदार प्रवीण पाटीदार सहित अन्य अधिकारी एवं पुलिस बल मौजूद था। मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट ने अधिकारियों के साथ यात्री बसों की चेकिंग की, जिसमें प्रमुख रूप से बस का फिटनेस, ड्राइवर का लाइसेंस, बस की फायर सेफ्टी उपकरण सहित अन्य सुविधाओं की जांच की गई साथ में ड्राइवर, कंडक्टर की गणवेश न होने पर भी कार्यवाही की गई। सिटी मजिस्ट्रेट ने बस संचालकों से कहा है कि बसों को निर्धारित बस स्टॉप पर ही रोके बीच में रोकने पर कार्यवाही की जायेगी। मंगलवार को 15 बसों की जांच में 87,000 रूपये से अधिक जुर्माने की राशि वसूली गई एवं एक ड्राइवर सुरेश कुमार जोगी को शराब के नशे में बस चालने पर कार्यवाही की गई, जबकि बस नं. एमपी 33 वी 0509 को जप्त किया गया।

डॉ. हरीसिंह गौर विवि में उच्च शिक्षा पर क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

जीवन में समस्याओं का आना पार्ट ऑफलाइफ है और उन समस्याओं का सामना करना आर्ट ऑफ लाइफ है : प्रो. गुप्ता

सागर, देशबन्धु। डॉ. हरीसिंह गौर विवि के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित उच्च शिक्षा में शिक्षण, प्रशिक्षण एवं शोध विषयक क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह 4 फरवरी को विवि के अभिमंच सभागार में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम 4 से 15 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने की, जबकि मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विवि के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल उपस्थित रहे। शिक्षाशास्त्र विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम निदेशक प्रो. अनिल कुमार जैन ने अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया, वहीं सह निदेशक डॉ. धर्मेंद्र सर्राफ ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने शिक्षकों को समाज का आदर्श बताते हुये कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कभी भी शिक्षक का स्थान नहीं ले सकती। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुये कहा कि जीवन में समस्याओं का आना पार्ट ऑफलाइफ है और उनका सामना करना आर्ट ऑफ लाइफ है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विवि और डॉ. हरीसिंह गौर विवि के बीच शैक्षणिक साझेदारी की संभावनाओं पर भी चर्चा की। मुख्य अतिथि प्रो. सत प्रकाश बंसल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति.2020 के संदर्भ में भारतीय ज्ञान परंपरा के संवर्धन की बात कही। उन्होंने कहा कि विकसित एवं स्वर्णिम भारत की संकल्पना तभी साकार होगी जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा और आत्मनिर्भर विद्यार्थी बनाने की जिम्मेदारी शिक्षकों पर ही है। उन्होंने शिक्षकों के कौशल विकास, शोधपरक प्रशिक्षण, अनुभवात्मक अधिगम एवं आलोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर शिक्षाशास्त्र विभाग के डॉ. प्रवीण कुमार टीडी द्वारा प्रारंभ की जा रही 5 आइज वेबिनार श्रृंखला के पोस्टर का अनावरण भी किया गया। कार्यक्रम में शिक्षाशास्त्र विभाग के बेस्ट प्यूपिल टीचर इन टीचिंग पुरस्कारों की घोषणा भी की गई। हिमांशु मिश्रा बीए बीएड, अंजली राय बीएससी बीएड और राजन गुप्ता टीचिंग एड को यह सम्मान मिला। उद्घाटन सत्र से पहले कुलपति प्रो. गुप्ता और प्रो. बंसल ने शिक्षाशास्त्र विभाग के छात्राध्यापकों एवं छात्राध्यापिकाओं द्वारा निर्मित शिक्षण सहायक सामग्री की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान आधारित पोस्टर एवं मॉडल को सभी अतिथियों ने सराहा। इस अवसर पर विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर, संकाय अध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र विभाग के शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अभिषेक कुमार प्रजापति ने मंच संचालन किया, जबकि डॉ. रानी दुबे ने आभार ज्ञापित किया।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** *
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।